सुप्रभात
रांची, रविवार
30.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 285



12 रचनात्मक ऊर्जा का स्रोत थे देव आनंद : जीनत अमान

न्यूज डायरी

### विशेषज्ञों की टीम करेगी जनजातियों का उत्थान

**पोर्ट ब्लेयर।** जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कमजोर जनजातीय समूहों को बेहतर बनाने और बेहतर संचार के लिए जनजातीय समुदायों पर शोध के लिए विशेषज्ञों की टीम बनेगी।

### खाई में गिरा सेना का वाहन, दो जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया। इसमें सेना के दो जवान शहीद हो गये।

### आनंद मोहन की रिहाई का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**दिल्ली/पटना।** गोपलगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच गयी हैं। उमा ने पूर्व सांसद आनंद मोहन को वापस जेल में डालने की मांग की है। उमा कृष्णया ने बिहार सरकार के नियमों में परिवर्तन के नोटिफिकेशन को रद्द करने की भी मांग की है। सरकार ने जेल मैनुअल में संशोधन कर आनंद मोहन को रिहा किया है।

### कोविड संक्रमण के मामले 51 हजार से पार

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 7 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 51 हजार से अधिक हो गयी है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर सीएम हेमंत ने कहा

# हम सब मिल कर शीघ्र खत्म करेंगे नक्सलवाद

- सीएम ने पुरी में भगवान से मांगी झारखंड की सुख-शांति और समृद्धि

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को पुरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन, पूजा-अर्चना कर झारखंड की उन्नति, सुख-शांति, समृद्धि और सभी के स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। उनके साथ पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। उन्होंने आशीर्वाद के रूप भगवान जगन्नाथ का भोग ग्रहण किया। मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और प्रतीक चिह्न के रूप में श्री जगन्नाथ मंदिर की तस्वीर सप्रेम भेंट की गयी।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि नक्सली संगठन काफी हद तक कमजोर हो चुके हैं कमजोर। हम सभी सभी राज्य मिलकर नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे।

**नक्सली गतिविधियां खत्म करने में जल्द सफल होंगे :** पत्रकारों से बातचीत में सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि नक्सल गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर है। नक्सली बहुत हद तक कमजोर हो चुके हैं। हालांकि, कुछ नक्सल घटनाएं भी हो रही हैं, लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी राज्य मिलकर निश्चित तौर पर नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई आखिरी चरण में है। अगर ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ एकजुट हो कर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई लड़ें तो हमें जल्द ही सफलता मिलेगी। सीएम ने कहा कि जब दीया बुझने लगता है तो फड़फड़ाता है, इससे कोई दिक्कत नहीं है। जवानों का मनोबल ऊंचा है। (शेष पेज 11 पर)

**सभी की सामाजिक सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह सरकारी कर्मी हो या फिर बुजुर्ग अथवा दिव्यांग, परित्यक्ता अथवा एकल महिला। हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और एनपीएस को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पेंशन किसी के भी बुढ़ापे की लाठी होती है। यह उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करता है और सरकार उन्हें इसका लाभ देने के लिए सदैव से प्रयासरत रही है।

## जेइइ मेन : लोहरदगा का आयुष बना झारखंड टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता



ऑल इंडिया में पाया 108वां रैंक

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेइइ मेन परीक्षा के दूसरे सेशन के नतीजे जारी कर दिये। झारखंड से जेइइ मेन 2023 परीक्षा के दूसरे सत्र में लोहरदगा के आयुष कुमार स्टेट टॉपर बने हैं। आयुष को 99.9956916 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है। उन्हें ऑल इंडिया में 108 रैंक मिली है। जनवरी सत्र में भी आयुष को सबसे अधिक परसेंटाइल प्राप्त हुआ था।

आयुष ने रांची के एलए गार्डन स्कूल से 12वीं की परीक्षा दी है। जेईई मेन पेपर-1 अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग प्रोग्राम जैसे एनआईटी, आईआईआईटी, और अन्य केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआइ) में बीई, बीटेक कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित किया जाता है। जबकि जेईई मेन का पेपर-2 देश में बी आर्क और बी प्लानिंग कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित किया जाता है। झारखंड में कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय खूंटी की 10 बच्चियां ने जेइइ मेंस में सफलता हासिल की है। एलिसा हस्सा ने 87 परसेंटाइल लाकर 1788 रैंक प्राप्त किया।

# मनी लाउंड्रिंग मामले में वीरेंद्र राम पर शीघ्र चलेगा मुकदमा

### पिता, पत्नी, भाई को समन, 12 को पक्ष रखने का निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के साथ उनकी पत्नी राज कुमारी देवी, पिता गेंदा राम एवं चचेरे भाई आलोक रंजन के खिलाफ मुकदमा चलेगा। इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। इसमें वीरेंद्र राम के साथ उनकी पत्नी, उनके पिता एवं चचेरे भाई पर संज्ञान लिया है। साथ ही अदालत ने चारों आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। निर्धारित तारीख को स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी पक्ष रख सकेंगे। इसके लिए 12 मई की तारीख निर्धारित की गयी है।

**अंबा पर समीक्षा के बाद निर्णय :** इडी सूत्रों के मुताबिक, विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज कांड की समीक्षा के बाद यह तय किया जायेगा कि जांच एजेंसी किसी केस को टेकओवर करेगी या नहीं। (शेष पेज 11 पर)

**परिवारवालों के नाम करोड़ों की चल-अचल संपत्ति**



वीरेंद्र राम ने अपने परिवार के सदस्यों एवं अन्य के साथ मिलकर करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। जो प्रोसिड्स ऑफ क्राइम सेड़ी प्रक्रिया या गतिविधि में सीधे तौर पर शामिल है। इडी ने अब तक लगभग 39 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। हालांकि इस जब्त संपत्ति का बाजार मूल्य काफी ज्यादा है। जांच एजेंसी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

### मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण आज

**नयी दिल्ली।** मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का प्रसारण रविवार को प्रसारित किया जायेगा। इस कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में भी सीधा प्रसारण किया जायेगा। भाजपा ने देशभर के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 100 स्थानों पर ऐसी सुविधाएं बनायी है, जहां लोग इसे सुन सकेंगे। यह कार्यक्रम को ऑल इंडिया रेडिया, डीडी न्यूज और नरेंद्र मोदी मोबाइल एप पर सुन सकते हैं। इसके साथ ही हिंदी में ब्रॉडकास्ट के बाद आकाशवाणी की ओर से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जायेगा।

**झारखंड में 8,100 स्थानों पर प्रसारण :** देशभर में साढ़े तीन लाख स्थानों और झारखंड में 8,100 स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम सुनने की व्यवस्था की गयी है।

# मुख्तार को 10 और अफजल अंसारी को चार साल की सजा

- गैंगस्टर एक्ट में सजा के साथ मुख्तार को 5 लाख का जुर्माना

एजेंसी

**गाजीपुर।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में 10 साल की सजा सुनायी है। साथ ही पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। वहीं, उनके भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के लगभग 16 वर्ष पुराने मामले में दोषी करार देते हुए चार साल की सजा सुनायी गयी। इसके साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट के फैसले के बाद अफजाल की संसद की सदयस्ता भी खतरे में पड़ गयी है। कोर्ट से सजा सुनाने के साथ ही अफजाल अंसारी को कड़ी सुरक्षा के घेरे में जेल भेज दिया गया। (शेष पेज 11 पर)



**नंदकिशोर रूंगटा और कृष्णानंद राय हत्याकांड :** बाहुबली अंसारी के अलावा भीम सिंह को भी 10 साल की सजा सुनायी गयी है। भीम सिंह मुख्तार अंसारी का सहयोगी रहा है। मुख्तार की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी करायी गयी। गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी और मुख्तार अंसारी पर शनिवार को एमपी एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया। मुख्तार पर एक और गैंगस्टर का मामला एमपी एमएलए कोर्ट में चल रहा है। चंदौली में 1996 कोयला व्यवसायी नंदकिशोर रूंगटा अपहरण व हत्याकांड और कृष्णानंद राय हत्याकांड को जोड़कर गैंग चार्ट बनाया गया था। वहीं अफजाल अंसारी पर कृष्णानंद राय हत्याकांड को लेकर गैंग चार्ट बनाया गया था।

INSTITUTE OF SCIENCE & MANAGEMENT
(Approved by AICTE,Govt of India & Affiliated to Jharkhand University of Technology)
Pundag, Ranchi-834004 (Jharkhand)

ISM : An Institute of Academic Excellence
होटल और प्रबंधन मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन लेने का सबसे सुनहरा अवसर

**Institute of Science & Management, Ranchi (ISM)** is one of the oldest premier educational institutes in the state of Jharkhand functioning since 1985. ISM is located in the heart of city of Ranchi. The institute has all essential amenities with highly qualified, well experienced and dedicated faculties & staff. The alumni of the institute is very well placed and holding very higher positions in corporate world in our country and abroad. ISM Ranchi is an institute of academic excellence and imparting teaching in Master of Business Administration (MBA), Diploma in Hotel Management & Catering Technology (DHMCT). Many short term courses like One year Craft course in Hotel Management and 6 Months course in Cyber crime and Cyber Securities. Courses are approved by AICTE, Government of India and affiliated to Jharkhand University of Technology (JUT), Government of Jharkhand.

AIM :
Its aims for offering high quality of education in field of Management so that the students would become creative and innovative managers/ entrepreneurs, and able to take higher responsibilities and discharge their duties successfully. So that they can prove themselves as assets for the organizations and the society. The institute also takes responsibilities to create entrepreneurial culture and environment in the society so as to build up the students and youth with highest capabilities.



OBJECTIVES :
1. To make the youth effective and efficient managers/ entrepreneurs in order to cater the needs of government, academic, professional institutions and corporate world.
2. To identify the changing demand of the society and stakeholders and to design and develop course curriculum/activities accordingly.
3. To liaison with stakeholders so as to strengthen institutional network.
4. To assist and counsel the students and youth to generate new business ideas, incubate such ideas and making those commercial viable projects to make the Business Startup policy of the Government.

VISION :
The vision of the institute is to create entrepreneurial and entrepreneurial culture in the society and to strengthen institutional eco-system to accelerate the process of wealth generation in the Indian economy.

MISSION :
To make the youth belonging to the different sections of the society socially and economically empowered.

ECOSYSTEM :
The ISM has strong networking with its stakeholders which belong to the following categories of institutions/ organizations:
- Govt Institutions (Central and State),
- Financial Institutions,
- R & D Institutions,
- Technical & Management Institutions,
- Training & Development Institutes,
- Large Pvt and Public Sector Enterprises,
- MSMEs,
- National and State level Industry/Trade Associations,
- Placement Bureau,
- Polytechnics/ITIs,
- National and International Professional bodies,
- NGOs.

FACILITIES PROVIDED :
The ISM is well located in Pundag area (Near Argora) of Ranchi city (Capital City) of Jharkhand State. The institute provides the following facilities to the students for their overall development and growth in perspective of global competitiveness.
- Separate well equipped buildings for Departments of Management Studies and Hotel Management.
- Well qualified and experienced faculty members.
- Green campus stretched in 5 acre of land.
- Facilities for cafeteria offering breakfast and lunch/dinner to the students, faculties and guests.
- Separate Boys and Girls hostels.
- Play ground.
- Topics such as seminars. Webinars, workshops



**To promote entrepreneurship among the students, the following steps have been initiated :**
1. Framed its own "Innovation & Startup Policy-2020"
2. Established its own "Self Incubation Centre".
3. "Department of Innovation and Entrepreneurship" is functioning.
4. Students are counseled and extended hand-holding support to create new ventures.
5. A strong eco-system has been created.
6. ISM Ranchi has been awarded by the Ministry of Education, Government of India for outstanding works performed in the field of social entrepreneurship.
7. 10 groups of the faculties and students have been formed to work in the campus and rural areas in the field of swachhta, greenery, water conservation, waste management and non-conventional energy Management.

Courses Offered:

2 Years full time MBA (Master of Business Administration)
Eligibility Condition: Graduation from any stream with 50% aggregate marks are eligible to take admission in this course. Preference will be given to those who have qualified in CAT/MAT/XAT entrance test. Appearing Candidate may be allowed to take admission.

3 Years full time BBA (Bachelor of Business Administration)
Eligibility Condition: Inter Passed Student from any stream with 45% marks are eligible to take admission in this course.

3 Years full time DHMCT (Hotel Management & Catering Technology)
Eligibility Condition: Inter Passed Student from any stream with 45% marks are eligible to take admission in this course.

1 Year full time Craft Course in Hotel Management
Eligibility Condition: Inter/12th Passed Student from any stream are eligible to take admission in this course.



Admission Opened for Academic Year 2023-24 on First Come Basis

COMPANIES VISITED FOR TRAINING & PLACEMENT

ONLINE ADMISSION FACILITY IS ALSO AVAILABLE
Details can be seen on
Websites : www.ismr.ac.in,
Email- info@ismr.ac.in,
Whatsapp No.-7858001234
Contact : 7858001234, 8797131841

# झारखंड में कोरोना के 24 घंटे में मिले 43 नये मरीज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में आंशिक कमी आयी है। बीते 24 घंटे में राज्यभर में 43 नये मरीज मिले हैं। इसके बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 486 हो गयी है। राहत भरी खबर यह है कि इस दौरान 68 कोरोना मरीज स्वस्थ हुए हैं। वहीं पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा कोरोना के 243 सक्रिय मरीज हैं, जबकि राजधानी रांची में संक्रमितों की संख्या 88 है। अभी बोकारो में 5, चतरा में 1, देवघर में 19, धनबाद में 16, पूर्वी सिंहभूम में 243, गढ़वा में 1, गिरिडीह में 7, गोड्डा में 5, गुमला में 10, हजारीबाग में 10, खूंटी में 3, कोडरमा में 2, लातेहार में 16, लोहरदगा में 21, पलामू में 12, रामगढ़ में 3, रांची में 88, सरायकेला में 20 और पश्चिमी सिंहभूम में कोरोना के 4 सक्रिय मरीज हैं।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) कांड के अप्रा0अभि0 अनिल पासवान पे0–स्व0 शंम्भु पासवान, (2).अप्रा0 अभि0–संगीता देवी, पति अनिल पासवान, गढवा थाना कांड सं0–329/2022 दिनांक–23.06.2022, धारा–302,120(बी0), 34 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त कांड में फिरार है। मानीय न्यायालय में आपके विरूध इश्तेहार निर्गत किया गया है, किन्तु आप अपने स्थाई पता ग्राम–सुखबाना, थाना + जिला गढवा से फिरार है आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 296253 Police (23-24)_D



## समाहरणालय, लातेहार
**(जिला विधि शाखा)**
(latehar.vidhi@gmail.com)

**आदेश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष बार एशोसिएशन, लातेहार, झारखण्ड के पत्रांक शून्य दिनांक 26.04.2023 के द्वारा अधिवक्तागण के सुविधा को देखते हुए व्यवहार न्यायालय, लातेहार के कार्य अवधि के पश्चात् न्यायालय का समय रखने का अनुरोध किया गया है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लातेहार का कार्यालय आदेश संख्या–31/2023 के द्वारा दिनांक 03.04.2023 से 24.06.2023 तक व्यवहार न्यायालय का कार्यालय का समय पूर्वा0 07:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में अधिवक्तागण एवं आम जनों के सुविधा हेतु अधोहस्ताक्षरी का न्यायालय का समय प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 24.06.2023 तक के लिए अपराह्न 12:30 बजे से निर्धारित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

PR 296228 District(23-24).D — उपायुक्त, लातेहार



## कार्यालय : उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़
E-Mail- dsramgarhjh@gmail.com

**-: शुद्धि पत्र :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति संख्या:– 01/2023–24, दिनांक 18.04.2022 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है। जिसका PR NO-295405 District (23-24) है, वेबसाइट(www.ramgarh.nic.in) में अपलोड निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 2 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 08.05.2023 के अपराह्न 05:00 (Through Registered Post Only) |
| 3 | निविदा खुलने का समय | 10.05.2023 at 11:00 A.M |
| 9 | E.M.D. राशि | 20000 (Twenty Thousand Rupees Only) |
| 10 | जी0 एस0 टी0 रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (G.S.T REGISTRATION) | |
| 11 | प्रतिष्ठान जिन्होंने 31.03.2022 तक GSTR-1 एवं 3 B संबंधित मद में अद्यतन वाणिज्यकर, आयकर से स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया हो तो ही भाग ले सकते है। | |
| 12 | आधार कार्ड (पेन कार्ड) (Pan Card By Income TAX Department) | |
| 13 | निविदादाता एवं एजेंसी को इस आशय का शपथ पत्र (First Class Magistrate/Notary Public) देना होगा कि उनकी कम्पनी/संस्थान केन्द सरकार, राज्य सरकार या किसी अनुशांगीक इकाई द्वारा काली सूची में नहीं है। | |
| 14 | Annual turnover FY 2019-20, 2020-2021, 2021-2022 में Rs. 3 Crore (पिछले तीन वित्तीय वर्ष) का होना चाहिए। Audited Annual Report showing details of their annual turnover should be submitted. (Auditor/ C.A. Certificate of turnover will not be accepted) | |
| 15 | निविदादाता के द्वारा वित्तीय वर्ष का आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। | |
| 16 | निविदा से संबंधित निविदा शुल्क की राशि का मूल Bank D.D एवं E.M.D. का D.D निर्धारित तिथि तक कार्यालय में जमा कर देना होगा। तत्पश्चात निविदा मान्य होगा। | |
| 17 | निविदा दो भाग में जमा करना होगा। • Technical Part- Document to be submitted under Technical part to include documents as per eligibility criteria. All the information given must be supported by authenticated documents. The Supporting documents & Original tender form with seal & signature on each page. The technical proposal should be serially numbered (without numbered pages will be cause of rejection of tender). • Financial Part- Financial part must be submitted in given format in Financial Bid (Annexure). The duly filled format signing each paper be the bidder will form the financial part. Serial numbers in Annexure are not allowed to change at bidder's end. | |

01. उपरोक्त निविदा को शर्ते एवं अन्य शर्ते को www.ramgarh.nic.in में देखा जा सकता है।

**शेष सभी यथावत रहेंगे।**

PR 296264Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D — उपाधीक्षक, सदर अस्पताल रामगढ़



## कार्यालय नगर पंचायत, लातेहार
**आम सूचना**

ग्रीश्म ऋतु का आगमन हो चुका है। ऐसी स्थिति में भूमिगत जलस्तर नीचे चली जाती है, जिसके कारण अधीकाशं चापानलों में पानी की आपूर्ति नही हो पाती है अथवा खराब हो जाती है। अतः आसन्न गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या से निपटने, खराब चापानलों की स–समय मरम्मति कराने एवं नगर पंचायत क्षेत्र के निवासीयों को पेयजल आपूर्ति सूनिश्चित करने के उद्वेश्य से जल की उपलब्धता सूनिश्चित कराने एवं अनुश्रवण हेतु निम्न कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है।

| क. सं0 | कर्मीका नाम | पदनाम | मो0 नं0 |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती जया लक्ष्मी भगत | नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, लातेहार | 8252639976 |
| 02 | श्री संदीप बेदिया | कनीय अभियंता, नगर पंचायत, लातेहार | 6204454813 |
| 03 | श्री अभिषेक गुप्ता | कम्प्युटर ऑपरेटर, नगर पंचायत, लातेहार | 7909069602 |
| 04 | श्री केश्वरी यादव | चापानल मिस्त्री, नगर पंचायत, लातेहार | 8986630557 |
| 05 | श्री सकेन्द्र भुईयां | पल्मबर, नगर पंचायत, लातेहार | 9973446994 |

उपरोक्त कर्मियों की जिम्मेवारी एवं जबाबदेही निम्नलिखित होगी।
1. निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत खराब पडे चापानल को नियमित रूप से मरम्मति कराना।
2. निकाय क्षेत्र के अन्तर्गत सुखागस्त इलाके जहाँ पीने के पानी का बहुत दिक्कत है, उसे पहचान कर टैंकर के द्वारा जलापूर्ति सूनिश्चित करना।
3. आम जनता के द्वारा पानी की समस्या से संबंधित सभी प्रकार के शिकायतों का स–समय निश्पादन करना।

साथ ही नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत आम जनता के द्वारा साफ–सफाई एवं पथ प्रकाश से संबंधित शिकायत की जाती है। ऐसी स्थिति में सफाई एवं पथ प्रकाश से संबंधित समस्याओं का स–समय निराकरण करने हेतु निम्नांकित कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाता है:–

| क. सं0 | कर्मीका नाम | पदनाम | मो0 नं0 |
|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती जया लक्ष्मी भगत | नगर प्रबंधक, नगर पंचायत, लातेहार | 8252639976 |
| 02 | श्री संदीप बेदिया | कनीय अभियंता, नगर पंचायत, लातेहार | 6204454813 |
| 03 | श्री संजीव कुमार | कनीय अभियंता, नगर पंचायत, लातेहार | 9576616570 |
| 04 | श्री रणधीर कपुर | क्षेत्र पर्यवेक्षक | 6299830419 |

नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र अन्तर्गत सभी वार्डों के आम जनता को सूचित किया जाता है कि पानी की समस्या से निजात पाने, खराब चापानलों की मरम्मति कराने, साफ–सफाई एवं पथ प्रकाश से संबंधित अपने शिकायतों के निराकरण हेतु नगर पंचायत, लातेहार के उपरोक्त कर्मियों को उनके मोबाईल पर प्रात: 9.00 बजे से संध्या 5.00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 296202 (Urban Development)23-24*D


## मन की बात के 100वें संस्करण की पूर्व संध्या पर मना दीपोत्सव

# दीये की तरह हर घर को प्रकाशित करता है 'मन की बात' कार्यक्रम: दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कार्यकर्ताओं संग शनिवार को मन की बात कार्यक्रम के सौवें संस्करण को लेकर दीपोत्सव मनाया। दरअसल, भाजपा के नेतृत्व में आज रविवार को 11 बजे झारखंड में 9000 स्थानों पर 10 लाख लोग मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे। प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें संस्करण के पूर्व संध्या पर शनिवार को सभी जिलों में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। सभी जिलों में हजारों कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुये और दीप जलाकर कार्यक्रम का स्वागत किया।

इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम विश्व स्तर पर संवाद का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जो भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के जन जन को अपने प्रधानमंत्री से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा और ऐतिहासिक कार्यक्रम एक दीये की तरह भारत के हर घर को प्रकाशित करता है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रधानमंत्री जी के दिल में बसता है इसलिए मन की बात कार्यक्रम में कई बार प्रधानमंत्री ने झारखंड की मिट्टी से जुड़े बातों की चर्चा की है।

प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम में आज 11 बजे प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश महिलौंग के बूथ संख्या 194 पर शामिल होंगे, जबकि नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी गिरिडीह के धनवार में, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास बर्मा माइंस, जमशेदपुर में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी रांची में, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह धनबाद में, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी बरकट्टा के बूथ संख्या 24 पर कार्यक्रम में शामिल होंगी।

भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में दीपक प्रकाश, नागेंद्र त्रिपाठी, सुबोध सिंह गुड्डू, नवीन जायसवाल, संजय सेठ, केके गुप्ता, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित सिंह, राहुल अवस्थी, सीमा शर्मा, कमाल खान, गुरविंदर सेठी, रमेश सिंह, सीताराम रवि, वरुण साहू, बलराम सिंह, नीरज सिंह, जितेंद्र वर्मा, सीमा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, बबिता वर्मा, सुबेश पांडे, उमेश यादव आदि उपस्थित थे।

# झारखंड में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ

## जिलों ने रोस्टर क्लियर कर विभाग को भेजी सूची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया अगले माह शुरू हो जाएगी। विभागीय सूत्रों ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक नियुक्ति में 10 फीसदी आरक्षण के साथ रोस्टर क्लियर कर लिया गया है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) को आरक्षण दिया गया है। निर्देश के बाद जिलों ने आरक्षण रोस्टर क्लियर करते हुए 25,996 पदों पर नियुक्ति की शिक्षा विभाग को भेज दी है। अब विभाग नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को अधियाचना भेजेगा।

**प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में सहायक आचार्य के 50 हजार पद खाली** : मालूम हो कि राज्य के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में सहायक आचार्य (प्राथमिक शिक्षक) के 50 हजार पद खाली है। इनमें कक्षा एक से पांच के लिए 20,825 और कक्षा छह से आठ के लिए 29,175 पद शामिल थे। जिलों ने आरक्षण रोस्टर क्लियर कर नियुक्ति की अधियाचना विभाग को भेजी थी, पर उसमें इडब्लूएस आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इस कारण नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हो पायी थी।

### 26 हजार में से 20 हजार पद आरक्षित होंगे



26 हजार पद में से 20 हजार से अधिक पद आरक्षित होंगे। 26 हजार में से 13 हजार पद पर सीधी नियुक्ति होगी, जबकि शेष 13 हजार पारा शिक्षक व बीआरपी-सीआरपी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षकों के लिए आरक्षित होंगे। सीधी नियुक्ति के 13 हजार पद में से राज्य सरकार के आरक्षण प्रावधान के अनुरूप 60 फीसदी पद आरक्षित होंगे। ऐसे में कुल 26 हजार में से 20 हजार से अधिक पद आरक्षित होंगे। प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की सीधी नियुक्ति नहीं होगी। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा सफल अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 50 हजार पद में से 25,996 पद के लिए होने वाली परीक्षा में वर्ष 2013 व 2016 में जेटेट पास परीक्षार्थी शामिल होंगे।

## वैश्य मोर्चा ने राजभवन के समक्ष किया प्रदर्शन

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को राजभवन के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन किया। मांगों के समर्थन में राज्यपाल को नौ सूत्री मांग-पत्र सौंपा जिसमें ओबीसी को 27% आरक्षण देने, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, दुमका एवं खूंटी में आरक्षण लागू करने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन करने, छोटे दुकानदारों को 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, बजरा गांव के मूल रैयतों की जमीन वापसी, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने, वैश्य समाज पर शोषण, दमन, हत्या, लूट, सरकारी उपेक्षा, पुलिसिया अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की गई है। मौके पर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु, रेखा मंडल, हीरानाथ साहु, संजीव चौधरी, रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, सहदेव चौधरी, बीरेन्द्र कुमार, इंदु भूषण गुप्ता, हरिनाथ साहु, गुड्डू साहा, रामाशंकर राजन, अनिल वैश्य, कृष्णा साहु, नरेश साहु, रेणू देवी, हलधर साहु आदि थे।


### कोर्ट नोटिस

सिविल जज सिनियर डिवीजन–2, रांची
मिसलेनियस (विविध) केस नं.– 17/2022
सेक्रेटरी अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद––– वादी
बनाम
श्री गीताश्री उरांव–– प्रतिवादी
श्री गीताश्री उरांव पत्नी डॉ अरुण, निवासी गांव–हेहल, बगीचा टोली, पोस्ट हेहल, जिला– रांची।

बजरिये नोटिस आपको सूचित किया जाता है कि वादी श्री महादेव उरांव, सचिव अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् ने आपके खिलाफ इस न्यायालय में विविध वाद (मिसलेनियस केस) दायर किया है, जिसमें आपको रजिस्टर्ड डाक एवं नजारत द्वारा नोटिस भेजा गया, लेकिन उपरोक्त वाद में आपकी अभी तक उपस्थिति नहीं हुई।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 20/5/2023 समय 11 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय फैसला पारित कर दिया जायेगा।

इसे सख्त ताकिद जानें
आज दिनांक 26/4/23 को कोर्ट हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
सिविल जज सिनियर डिविजन–2 रांची।


## आरक्षित सीटों को दूसरे कैटेगरी से भरने के मामले में हुई सुनवाई

**रांची।** सातवीं से दसवीं जेपीएससी परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित 7 सीटों में से 4 सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई में हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मामले में जीपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था, लेकिन उनकी ओर से जवाब अब तक नहीं आ सका। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि परीक्षा में जो मेरिट लिस्ट आया उसमें से दिव्यांगों के लिए आरक्षित 7 सीटों में से 3 सीटों को ही भरा गया। बाकी 4 सीटों को दूसरे कैटेगरी के अभ्यर्थियों से भरा गया, जो गलत है।

# आजसू का न्याय मार्च आज

## राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा सात सूत्री मांगों को लेकर आज रविवार को आजसू पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो, कार्यकर्ता बापू वाटिका, मोरहाबादी से पैदल मार्च कर हरमू मैदान पहुचेंगे तथा सरकार की नाकामियों तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

**बड़ी आबादी के साथ धोखा, जनादेश का अपमान** : सामाजिक न्याय मार्च की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने ना सिर्फ बड़ी आबादी के साथ धोखा किया है, बल्कि जनादेश का भी अपमान किया है। युवा, महिला, किसान, गरीब, श्रमिक सभी हताश-निराश हैं। सवा तीन सालों के बाद भी सरकार ने सामाजिक न्याय की दिशा में कोई पहल नहीं किया, ना ही जातीय जनगणना और स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर ईमानदार कोशिश की। सभी पहलुओं का आंकलन करते हुए तथा जनमानस में व्याप्त बेचैनी एवं निराशा को देखते हुए आजसू पार्टी कल सड़कों पर उतरेगी।

डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि आजसू पार्टी अप्रैल को सामाजिक न्याय महीना के रुप में मना रही है। इस दौरान राज्य भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कल राज्यस्तरीय सामाजिक न्याय मार्च के साथ इसका समापन होगा।

## खबर एक नजर में

### क्लोजर रिपोर्ट के साथ सीबीआई कोर्ट पहुंचे दंडाधिकारी

**रांची।** पलामू के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में पुलिस नक्सली मुठभेड़ केस में पीड़ित पिता जवाहर यादव मामले में दाखिल क्लोजर रिपोर्ट का नोटिस मिलने के बाद शनिवार को सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव की अदालत पहुंचे। साथ ही, मामले के सूचक पुलिस इंस्पेक्टर मो रुस्तम भी पहुंचे। जवाहर यादव ने कहा कि क्लोजर रिपोर्ट की कॉपी निकालने के लिये आवेदन दिया है। नकल मिलने के बाद प्रोटेस्ट फाइल कर सकते हैं। अदालत अभी तक क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया है। क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई के लिए अदालत ने 30 मई की तारीख निर्धारित की है। मामलू हो कि इसी महीने सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है जिसमें कहा गया है कि मुठभेड़ सही थी।

### क्लर्क रणधीर कुमार को तीन साल कैद की सजा

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को रिश्वत मामले के अभियुक्त सीसीएल राजहरा प्रोजेक्ट पलामू के कार्मिक सेक्शन में पदस्थापित क्लर्क रणधीर कुमार को दोषी पाकर तीन साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सीबीआई ने रणधीर कुमार को रिश्वत की राशि के साथ 21 फरवरी 2020 को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। लगभग चार महीने जेल में रहने के बाद झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी। मामले में सीबीआई की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई थी। जिसके आधार पर अदालत ने सजा सुनाई है।

### साधु यादव, कुलदीप यादव पहुंचे रांची, हुआ स्वागत



रांची। श्रीकृष्ण विकास परिषद यादव समाज के मुख्य संरक्षक कैलाश यादव के नेतृत्व में संयोजक नंदन यादव, सुधीर गोप, सन्नी यादव, सुनील यादव, आकाश यादव, लोकनाथ यादव, अभिषेक यादव, सागर यादव, भीम यादव ने गोपालगंज के पूर्व सांसद साधु यादव और सपा नेता कुलदीप यादव के रांची पहुंचने पर स्वागत किया। बताते चलें कि 30 अप्रैल को दिन के 11 बजे श्रीकृष्ण विकास परिषद झारखण्ड के 8वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में यादव समाज की ओर से वाईबीएन स्कूल मैदान धुर्वा में आयोजित महासम्मेलन में वे हिस्सा लेंगे।

### स्पोर्ट्स कोटा आरक्षण का लाभ नहीं देने पर हाई कोर्ट ने सरकार और जेपीएससी से मांगा जवाब

**रांची।** पहली सीमित डिप्टी कलेक्टर परीक्षा– 2005 में स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं देने को लेकर दाखिल कमलेश राय की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी को 4 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया उक्त परीक्षा 2019 में ली गई थी। मार्च 2023 में रिजल्ट निकलने के बाद 50 सीटों में से 45 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गयी। उक्त परीक्षा में 50 पदों में से 1 सीट स्पोर्ट्स कोटा के लिए आरक्षित थी, लेकिन स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया।

### सरकारी स्कूलों में कार्यरत 110 शिक्षकों का तबादला

**रांची।** स्कूली एंव साक्षरता विभाग ने राज्य के सरकारी स्कूलों में कार्यरत 110 शिक्षकों का तबादला कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। इसका आदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने जारी कर दिया है। इन शिक्षकों का मैनुअली स्थानांतरण वर्ष 2019 में किया गया था, लेकिन कुछ दिनों बाद विभाग ने तबादला आदेश रद्द कर दिया था। इसके खिलाफ प्रभावित सभी शिक्षकों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब हाई कोर्ट ने विभाग के आदेश को खारिज कर दिया। सभी प्राथमिक शिक्षा निदेशक ने जारी आदेश में कहा है कि उपरोक्त स्थानांतरित पदों पर यदि कोई अन्य शिक्षक पूर्व से पदस्थापित हों तो उन्हें संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में अविलंब योगदान करने का निर्देश दिया जाये। संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि उपरोक्त शिक्षकों को नवपदस्थापित स्थल पर योगदान देने के लिए विरमित करना सुनिश्चित करेंगे।

### मुख्य सचिव के निर्देश पर शनिवार को भी खुले विभाग, धड़ाधड़ हुआ राशि का आवंटन



**आज भी खुले रहेंगे सचिवालय के विभिन्न विभाग**

**रांची।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के निर्देश के बाद शनिवार को भी सचिवालय के अधिकांश विभाग खोल दिए गये हैं। बजट शाखा के अतिरिक्त सभी कार्यालयों को खुला रखा गया है। अधिकारियों व कर्मियों को सामान्य दिनों की तरह कामकाज पर बुलाया गया है। ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय भी शनिवार को खुला रहा और विभिन्न योजनाओं के राशि रिलीज की गयी। विभाग ने विजिट पर गये अनुसमर्थन दल की पूरी टीम को भी मुख्यालय में बुला लिया है और उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बजटीय राशि को आवश्यकता आधार पर रिलिज करने की दिशा में कार्य करने को कहा गया है। पीएम आवास, मनरेगा, जलछाजन सहित अन्य योजनाओं के लिए राशि दी गयी। यह स्थिति सचिवालय के अन्य विभाग पथ निर्माण, नगर विकास विभाग सहित अन्य सभी वर्क्स विभागों में भी था। बताते चलें कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों को 30 अप्रैल तक हर हाल में आवश्यकता आधारित राशि का आवंटन करने को कहा है। सीएस ने कहा कि इस वित्त वर्ष 2023-24 के पहले ढाई माह मॉनसून प्रारंभ होने के पहले योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सकती है बर्शतें की राशि का आवंटन विभिन्न जिलों को कर दी जाये। यही कारण है कि शनिवार के दिन कार्यालय खुला था। बताया जा रहा है कि रविवार को भी ऑफिस आवंटन के लिए खुला रहेगा।

## सत्यपाल मलिक के समर्थन में झारखंड जदयू, कहा- जवाब दें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# शहीदों पर राजनीति कर रही है मोदी सरकार : जदयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को सीबीआई द्वारा समन भेजे जाने को लेकर झारखंड जनता दल यूनाइटेड ने विरोध जताया है। जनता दल यूनाइटेड के नेताओं ने राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक पर विरोध जताते हुए कहा कि जब तक देश में सच बोलने वाले पर कार्रवाई की जाएगी तब तब जनता दल यूनाइटेड आवाज उठाती रहेगी।

इस दौरान झारखंड जेडीयू के प्रदेश महासचिव सरवन कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में पुलवामा में हुई घटना को लेकर जो खुलासा तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक कर रहे हैं, उस पर प्रधानमंत्री मौन हैं, उन्हें सामने आकर जवाब देना चाहिए। वहीं झारखंड जेडीयू के प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि वर्ष 2019 में पुलवामा की घटना पर जिस तरह से राजनीति की गई है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने सरकार को घटना से पहले ही सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही थी इसके बावजूद भी सरकार ने जवानों को सड़क मार्ग से भेजने का काम किया।

जदयू नेताओं ने कहा कि सत्यपाल मलिक के समर्थन में सभी जिला मुख्यालय में जेडीयू के नेता प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर केंद्र सरकार ने पूरे मामले पर उचित जवाब नहीं दिया और उनके दोषी होने का प्रमाण मिलता है तो सभी विपक्षी दल एकजुट होकर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी करेंगे।

**सत्यपाल मलिक के बयान पर रार**

जम्मू कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने पिछले दिनों निजी पत्रिका को दिए गए इंटरव्यू में पुलवामा हमले को लेकर कई दावे किए थे। सत्यपाल मलिक ने 2019 में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमले को सिस्टम की लापरवाही की वजह से होना बताया था। सीआरपीएफ और केंद्रीय गृह मंत्रालय को इसके लिए जिम्मेदार बताया। सत्यपाल मलिक ने इसके लिए खुफिया एजेंसियों को विफल बताया। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान से 300 किलो आरडीएक्स लेकर ट्रक 15 दिन तक जम्मू-कश्मीर में रहा और इंटेलिजेंस को इसकी हवा तक नहीं लगी।

# जेईई मेन-2023 : आकाश इंस्टीट्यूट के सौम्यजीत घोष को 98.62 परसेंटाइल, बना सेंटर टॉपर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**कोचिंग देने में विश्वास रखते हैं आकाश जमशेदपुर के शीर्ष छात्र**

1. सौम्यजीत घोष : 98.62 प्रतिशत
2. कुमार शुभम बारिक : 98.59 प्रतिशत
3. प्रकाश कुमार : 97.99 प्रतिशत
4. रौनक कुमार त्रिपाठीः 97.78 प्रतिशत
5. इशिता पॉल 95.64 प्रतिशत

**जमशेदपुर।** अपने नाम, इतिहास एवं परंपरा को दोहराते हुए एक बार फिर से आकाश इंस्टिट्यूट के छात्र-छात्राओं ने ना सिर्फ जमशेदपुर शहर में बल्कि संपूर्ण राज्य में अपना कीर्तिमान स्थापित किया। ज्ञातव्य है कि 29 अप्रैल 2023 को जेईई मेन सत्र-2 की परीक्षा परिणाम घोषित हुई, जिसमे आकाश के छात्र -छात्राओं ने 32 प्रतिशत दर के अनुसार, शहर में सबसे अव्वल परिणाम प्रस्तुत करने में सफल रहे। इस परिणाम के पीछे संस्थान का रणनीतिक योजना सार्थक साबित हुआ। सौम्यजीत घोष जिन्हे आकाश जमशेदपुर केंद्र में तीन वर्ष के नियमित इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लिया था, उन्होंने कुल 98.62 परसेंटाइल लाकर संस्थान में अच्छा स्थान प्राप्त किया है। वह पूरे तीन वर्ष एक बहुत ही सुसंगत छात्र रहे है और उसने अपनी सभी कक्षाओं और परीक्षणों को पूरी ईमानदारी से लिया है। सौम्यजीत घोष की तरह ही कुमार शुभम बारिक, जो कि संस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त किए हैं, ने एक वर्ष के नियमित इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लिया था, उन्होनें भी 98.59 परसेंटाइल लाकर जमशेदपुर केंद्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सौम्यजीत घोष आगे एक सफल कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहते हैं और इस लक्ष्य को प्राप्त करने स्वरूप उन्होंने जेईई एडवांस की तैयारी जोरों शोरों से शुरू कर दी है। जेईई मेन के परिणाम के अवसर पर संस्थान में एक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सफल टॉप 10 छात्रों वह उनके अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम में निदेशक राजेश प्रसाद, सह निदेशक रमन प्रसाद एवं शिक्षकगण ने छात्रों को उनके सफलता पर बधाई दी।

# जेईई मेन-2023 में नारायणा के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन

## नारायणा जमशेदपुर के अरित्रा कोलाय को मिला 1833 वां ऑल इंडिया रैंक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**निदेशक श्याम भूषण के साथ नारायणा जमशेदपुर के सफल छात्र-छात्राएं।**

**जमशेदपुर।** साकची स्थित देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान 'नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी, जमशेदपुर' के छात्र-छात्राओं ने जेईई(मेन)-2023 में अपार सफलता अर्जित की। नारायणा जमशेदपुर सेन्टर के निदेशक श्याम भूषण ने कहा कि जेईई (मेन)-2023 के रिजल्ट में नारायणा जमशेदपुर सेन्टर से अरित्रा कोलाय (ऑल इंडिया रैंक 1833) प्राप्त हुआ है तथा जेईई(मेन)-2023 के रिजल्ट में जमशेदपुर सेन्टर से जेईई(एडवान्स)-2023 के लिए अभी तक कुल 148 छात्र-छात्राएं ने सफलता हासिल की है, जिसकी गणना अभी भी जारी है जिसमें और अधिक छात्रों के सफल होने की संभावना है। साथ ही जेईई(मेन)-2023 में ऑल इंडिया रैंक 60 हजार के अन्दर कुल 52 छात्रों ने अभी तक रैंक हासिल किया है। नारायणा जमशेदपुर से जेईई.(मेन) 2023 में जेनरल कटेगेरी में ऑल इंडिया रैंक 50000 के अन्दर रैंक पाने वाले छात्रों की सूची जारी की गई है। अरित्रा कोलाय (रैंक 1833), सुमित कुमार (रैंक 3927), शिवान्स सिंह (रैंक 9710), सोमेश गोराई (रैंक 19710), अर्चिसा पाल (रैंक 24195), इनदरदीप सिंह (रैंक 26053), रिषभ सिंगरौर (रैंक 30174), दिव्यांस दत्ता (रैंक 37367), आदित्य पाठक (रैंक 37895), उत्कर्ष वर्णवाल (रैंक 40027), प्रशान कुमार शर्मा (रैंक 40627), पुस्कर (रैंक 40712), अमित कुमार महतो (रैंक 42125), तनिष्का पैरा (रैंक 43241), कुमार साहेब (रैंक 44906), सयान्तन मंडल (रैंक 46331), हर्षित द्विवेदी (रैंक 46614), आयुष कुमार (रैंक 47339), कौशल कुमार (रैंक 47906)। भूषण ने छात्रो के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामना देते हुए बताया कि ये छात्र-छात्राए आगामी जेईई(एडवान्स) - 2023 की परीक्षा में भी शहर के टॉपर होंगे। नारायणा आईआईटी/नीट एकेडमी न केवल अपने बेहतर शिक्षक, कोर्स मेटेरियल्स के लिए विख्यात है, बल्कि बेहतर अनुशासित शैक्षणिक वातावरण एवं एक पूर्ण लाईब्रेरी के अलावा सबसे महत्वपूर्ण कि नारायणा द्वारा पूरे भारत स्तर पर एक एकेडेमिक कैलेण्डर के तहत योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करायी जाती है। पुनः श्याम भूषण ने कहा कि नारायणा जमशेदपुर सेन्टर में प्रत्येक साप्ताहिक टेस्ट भी पूरे भारत स्तर पर आयोजित की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में आयोजित होगा भव्य मजदूर दिवस समारोह



जमशेदपुर। शनिवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में ज्वाइंट एक्शन कमिटी के चेयरमैन राकेश्वर पांडेय के द्वारा 1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए एक सभा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर रहेंगे। रैली 1 मई को आदित्यपुर फुटबॉल मैदान इमली चौक से सुबह 9:00 प्रारंभ होगी और गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन में दोपहर 1:00 समाप्त होगी। बैठक में राकेश्वर पांडेय ने कहा कि जमशेदपुर के सभी मजदूर साथियों एवं कांग्रेस के सभी नेताओं से आग्रह है कि इस रैली में भाग लें एवं मजदूरों की एकता एवं मजदूरों के हक के लिए लड़ाई लड़ने में इंटक का साथ दें। बैठक में मुख्य रूप से विनोद राय, शिव लखन सिंह, महेंद्र मिश्रा, परविंदर सिंह सोहल, मनोज कुमार सिंह, पंकज सिंह, श्रीकांत सिंह, शहनाज रफीक, उषा सिंह, मीरा तिवारी जयंती दास, अमित सरकार, एमएच हीरामानेक, केपी तिवारी, राजेश सिंह राजू, बीरबल सिंह (यूसीआईएल ) संजय सिंह सुनील सिंह, राणा सिंह, एसके सिंह, पिंटू श्रीवास्तव, अमन जी त्रिदेव सिंह, ददन सिंह, मनोज कुमार सिंह (टाटा मोटर्स ) विनोद कुमार सिंह, रंजीत सिंह, मंटू सिंह, जयप्रकाश सिंह, समीर नंदी, वैजयंती बारी, संजय मुखी, सुनीत कुमार मुखी, रंजीत सिंह, सतनाम सिंह, गौतम डे, मुन्ना खान, साई बाबू राजू, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह जगजीत सिंह, वकील खान, कई यूनियन के कमेटी मेंबर एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एसएसपी ने बहरागोड़ा और चाकुलिया थाने का किया निरीक्षण



**जमशेदपुर।** शनिवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम प्रभात कुमार द्वारा बहरागोड़ा और चाकुलिया थाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना अभिलेखों की गहनता से जांच की गई एवं वहां उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

### गम्हरिया : पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट कंपनी के समीप से शनिवार को पुलिस ने करीब 35 वर्षीय युवक का शव पेड़ में फंदे से झूलता बरामद किया है। मृतक की पहचान अजय कुमार शर्मा के रूप में की गई है। मृतक टाटा स्टील लोंग प्रोडक्ट कंपनी का ठेकाकर्मी था और छोटा गम्हरिया स्थित निर्मल पथ में किराए के मकान में रहता था। पेड़ पर झूलते शव के बावत सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आज 400 से अधिक स्थानों पर लोग सुनेंगे मन की बात

## बिरसा मुंडा टाउन हॉल में पूर्व सीएम रघुवर दास, पटमदा में सांसद सुनेंगे कार्यक्रम

कार्यक्रम के 100 वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित करेंगे पीएम

भाजपा ने मजदूर यूनियनों, सिख समाज समेत कई गैर राजनीतिक संगठनों से किया संपर्क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**टाटा मोटर्स यूनियन के महासचिव आरके सिंह को आमंत्रण देते भाजपा महानगर अध्यक्ष गूंजन यादव।**



**सिख समाज को आमंत्रण देते गूंजन यादव।**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' की 100वीं कड़ी को पूरे देशभर में 'अभूतपूर्व' बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास कर रही है। भाजपा जमशेदपुर महानगर की ओर से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात को जमशेदपुर महानगर अंतर्गत चारों विधानसभा के चार सौ से अधिक स्थानों पर लाइव प्रसारण की तैयारी की गई है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के बारीडीह मंडल क्षेत्र अंतर्गत बिरसा मुंडा टाउन हॉल में हजारों कार्यकर्ताओं व आमजनों की मौजूदगी में विशेष बनाने की तैयारी की गई है।

बिरसा मुंडा टाउन हॉल के कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री मुख्यरूप से शामिल रहेंगे। वहीं, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो पटमदा क्षेत्र के महुलबना पंचायत, पूर्व विधायक मेनका सरदार बागबेड़ा क्षेत्र के साई मंदिर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव भुइयांडीह पार्क में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करेंगे। भाजपा जमशेदपुर महानगर की तैयारी को लेकर जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि मन की बात के 100वें संस्करण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

महानगर अंतर्गत चार विधानसभा के चार सौ से अधिक स्थानों पर बूथ के कार्यकर्ता इसे सफल बनाने में जुटे हैं। कार्यक्रम की व्यापक सफलता को लेकर सभी स्थानों पर प्रभारी नियुक्त किये गए हैं। इसके साथ ही, चारों विधानसभा में विधानसभा अंतर्गत निवास करने वाले पार्टी के वरीय नेतागण अपने बूथ पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के संग मौजूद रहेंगे। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया कि मन की बात को लेकर शहर के सभी गैर-राजनीतिक संगठनों को निवेदन पत्र के माध्यम से मन की बात को सामुहिक रूप से सुनने का आग्रह किया गया है। बमामाईंस मंडल के उत्सव भवन में भी हजारों कार्यकर्ताओं व आमजनों की मौजदूगी में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मन की बात के जिला प्रभारी जितेंद्र राय एवं विभिन्न मंडलों के अध्यक्षगण अपने मंडल क्षेत्र के बूथों पर आयोजन की सफलता को लेकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100वें मन की बात में गैर-राजनीतिक संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निमित्त भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कई संस्थान के प्रमुख से मुलाकात कर संबोधन को श्रवण करने का आग्रह किया। गुंजन यादव ने मन की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी जितेंद्र राय के संग सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स, बिहार एसोसिएशन, बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लायंस क्लब, बंगाल क्लब, उत्कल एसोसिएशन, अग्रेसन भवन, टैगोर सोसाइटी, टाटा वर्कर्स यूनियन, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन- जमशेदपुर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, झारखंड सिख विकास मंच सहित अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें मन की बात श्रवण संबंधी निवेदन पत्र भेंटकर रविवार को मन की बात के लाइव प्रसारण को सामुहिक रूप से सुनने का आग्रह किया। जिसपर सभी संस्थाओं ने कार्यक्रम को पूरे भव्यता के साथ आयोजित करने को लेकर आश्वस्त किया।

# गेल द्वारा पूर्वी सिंहभूम में 11 वे सीएनजी स्टेशन की रिलायंस बीपी में शुभारंभ



**गेल जमशेदपुर के प्रभारी अधिकारी, जीए प्रभारी, महाप्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा गेल के 11 वे सीएनजी स्टेशन की रिलायंस बीपी में शुभारंभ करते**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गेल द्वारा पूरबी सिंहभूम में हैप्पी ईंधन स्वच्छ,सस्ता,सुरक्षित सुलभ, पर्यावरण मित्र, हरित ईंधन सीएनजी तेज गति से उपलब्ध कराने के प्रयास में गेल जमशेदपुर के प्रभारी अधिकारी, जीए प्रभारी, महाप्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा ने गेल के 11 वे सीएनजी स्टेशन की रिलायंस बीपी राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर झारखंड,उड़ीसा एवम पश्चिम बंगाल की सीमा के पास शुभारंभ कर सीएनजी का प्रारंभ किया इससे तीन राज्यों के सीएनजी वाहन चालकों को बहुत लाभ होगा। शुभारंभ में गेल के महाप्रबंधक गौरी शंकर के साथ टीम में अमित, दुर्गा, मिथिलेश, अनु सौरभ, सी एम सी ट्रेक्टवेल से आरसी एम हाकिम एवं राजमणि अपनी सम्पूर्ण टीम के साथ उपस्थित थे। रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड की ओर से विश्वजीत दत्ता, स्टेट मेंटेनेंस मैनेजर, सितांशु सत्पथी, प्रोजेक्ट मैनेजर, देबाशीष दास, ऑपरेटर और सुकुमार देहुरी, रिटेल आउटलेट मैनेजर ने इवेंट और प्रोजेक्ट को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाई। गौरीशंकर ने बताया की गेल स्वच्छ ईंधन जल्द ही सुमोना हाता एवं एनएच 33 में तिर्की हाइवे पर उपलब्ध कराया जाएगा तथा शहर में एक्सएलआरआई एवं शास्त्री नगर में भी कार्य तेजी से चल रहा है, उन्होंने पर्यावरण स्वच्छता के हित में अधिक से अधिक सीएनजी वाहनों के प्रयोग की अपील की है ।

# सर्वजन हिन्दू समाज ने निकाला मशाल जुलूस



**सर्वजन हिन्दू समाज के मशाल जुलूस में शामिल आजसू के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस। जुलूस में शामिल लोग शास्त्रीनगर उपद्रव में गिरफ्तार निर्दोष नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहे थे।**

# बिरसानगर में भूमि माफिया पर जेएनएसी का कहर, बाउंड्री को किया गया ध्वस्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**विशेष पदाधिकारी संजय कुमार टीम के साथ अतिक्रमण हटवाते।**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के द्वारा मोहरदा में करीब छह एकड़ जमीन पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की पहल तेज कर दी है। कुछ दिनों पहले अक्षेस के अधिकारीयों ने जमीन के सरकारी होने का बोर्ड लगाया था। साथ ही चिन्हित भूमि को अतिक्रमण से बचाने के लिए गड्ढा कोड़ दिया था। किन्तु राजनीतिक संरक्षण प्राप्त भूमि माफियाओं ने साइनेज बोर्ड को हटा दिया। साथ ही गड्ढे को भी भर दिया। जिस कारण खाली चिन्हित भूमि को लोगों ने अतिक्रमण करना शुरू कर दिया, इसकी जानकारी मिलते ही विशेष पदाधिकारी संजय कुमार ने त्वरित करवाई करते हुए खुद जांच टीम के साथ स्थल का निरक्षण करने पहुंचे, एवं किए जा रहे चारदीवारी को ध्वस्त करवाया।

उन्होंने वहां एकत्रित हुए लोगों को जानकारी दी कि चिन्हित की गई भूमि में 30 एम एल डी गंदे पानी का उपचार किया जाएगा ताकि गंदे पानी को नदी में गिरने से रोका जा सके।

# एनटीटीएफ के 7 छात्रों का श्नाइडर इलेक्ट्रिक कंपनी में चयन



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमे छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौर्वांगित किया। बेंगलुरु स्थित कंपनी श्नाइडर द्वारा एनटीटीएफ के 7 छात्रों को 4 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया।

# टीबी का दुनिया से उन्मूलन संभव : डॉ डीपी सिंह

## जैपिकॉन 2023 का दूसरा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**सम्मेलन को संबोधित करते डा डीपी सिंह।**




**सम्मेलन में उपस्थित चिकित्सकगण।**

**जमशेदपुर।** होटल अलकोर, बिष्टुपुर में चल रहे जेपिकॉन-2023 का शनिवार को दूसरा दिन था। सुबह 9 बजे से ही देश के विभिन्न भागों से आए डॉक्टरों ने कई विषयों पर अपने वक्तव्य दिए जयपुर से डॉक्टर एस.एस. दरिया , डॉ एस. के. शर्मा एवं डॉ पुनीत सक्सेना ने अपने विचारों से अवगत कराया।

कार्यक्रम में भागलपुर से आये डा डीपी सिंह ने मैनेजमेंट ऑफ एमडीआर टीबी पर अपना प्रजेंटेशन दिया। अपनी प्रस्तुति के दौरान डा डीपी सिंह ने कहा कि टीबी के उपचार में काफी क्रांतिकारी दवाएं विकसित की जा रही है। वैश्विक स्तर पर चिकित्सा प्रौद्योगिकी और दवाओं का विकास निरंतर होता रहा तो जल्द ही टीबी का दुनिया से नामोनिशान मिट सकता है। वर्तमान में इलाज की बेहतर सुविधा एवं सरकारी प्रयास का नतीजा है कि टीबी समाज में 2 से 3 प्रतिशत ही रह गया है।

गुवाहाटी से आये डा संजीब मेधी ने मैनेजमेंट ऑफ सीवियर एनिमिया एंड हार्ट फेलियर विषय पर अपना प्रजेंटेशन दिया। बिहार के मुजफ्फरपुर से डॉक्टर कमलेश तिवारी एवं डॉ अमित कुमार दास, पटना से डॉ अजय कुमार एवं डॉक्टर शैबाल गुहा, डॉक्टर संजीव मेढी गुवाहाटी से, कोलकाता से डॉक्टर ज्योतिर्मय पाल, मुंबई से डॉक्टर पूर्वी चावला एवं डॉक्टर मनोज चावला, बेंगलुरु से डॉक्टर अरविंदा जगदीशा ने श्रोताओं को अपने वक्तव्य से मंत्रमुग्ध किया। रांची से डॉ उज्जवल रॉय एवं डॉ दीपक गुप्ता ने अपने विचार रखे, जमशेदपुर से डॉ उमेश खान और डॉ अनिल विरमानी भी थे। दिवंगत डॉ जे. त्रिपाठी, डॉ भोला महतो एवं डॉ बी प्रसाद की स्मृति में तीन डॉक्टरों ने अलग-अलग विषयों पर अपने विचार रखे।



स्पीड न्यूज

## 26 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत तालडांगा मे एक 26 वर्षिय युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।इस संबंध में चिरकुंडा थाना को घटना की लिखित सुचना देते हुए बताया कि शुक्रवार की रात को 26 वर्षिय वशिम शेख जिसकी 15 दिनो से मानसिक स्थिती सही नही होने की कारण नशे का लत लग गया था वह तालडंगा स्थित अपने घर में चादर के सहारे फंदा बनाकर घर के पंखे से झुल गया परिजनो ने देखा तो पुलिस को खबर की और स्थानिय लोगो के मदद से फंदे से उतार कर निजी नर्सिग होम ले जाया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया ।वशिम शेख की शादी हो चुकी थी ।पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया।

## पृथ्वी दिवस पर स्कूल में पौधरोपण

**झरिया।** सेंट जेवियर्स स्कूल फुसबंगला शालीमार में स्कूली बच्चों ने पृथ्वी दिवस मनाया। जिसका उद्घाटन निदेशक आर पीटर साह ने वृक्षारोपण कर किया ।कार्यक्रम में एल केजी से कक्षा 3 तक के बच्चों ने भाग लेकर पृथ्वी को हरा बनाने का संकल्प लिया ।कक्षा 9 की छात्रा ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह से बंद की जाय ।हर व्यक्ति को आस पड़ोस में सफाई कर स्वक्षता को प्राथमिकता देना होगा। वही हर घर के लोग कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए ।स्कूल के बच्चे अलौकिका कुमारी,जसप्रीत कौर, मनीष कुमार, सूफिया नाज आदि सैकड़ों बच्चों ने पेड़ लगाने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर प्रचार्य पुनीत साह, हेलन पीटर साह, सीमा दास, कोमल कुमारी, आयशा कुरैशी, लोचन विश्वकर्मा आदि थे।

## बोकारो चेंबर ने सीएम का जताया आभार

**बोकारो।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने बैठक कर राज्य सरकार द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा की पहल हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है। चेंबर के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि इससे गंभीर मरीज आपातकालीन चिकित्सा सेवा एवं बेहतर इलाज के लिए बड़े शहरों तक आसानी से पहुंच पाएंगे। संरक्षक संजय बैद ने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा मुख्यमंत्री श्री सोरेन की संवेदनशीलता एवं दूरदर्शी सोच का परिणाम है। चेंबर के पूर्व अध्यक्ष मनोज चौधरी नरेंद्र सिंहए विनय सिंहए जगमोहन सिंह जग्गीए महेश गुप्ताए राजकुमार जयसवालए शैलेंद्र जयसवालए राजेश पोद्दारए अंजनी कुमार रूपकए कुमार अमरदीपए सुभाष जैनए मंजूर हुसैन जियाए प्रेम कुमारए प्रेम गोयलए प्रकाश कोठारीए निवारण चंद्र महतोए अनिल गोयलए रविशंकर प्रसाद आदि ने भी एयर एंबुलेंस सेवा शुरू होने पर हर्ष व्यक्त किया।

## केंदुआडीह में पेड़ पर लटका मिला शव

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत घटियाली पंचायत के केंदुआडीह में पेड़ पर एक युवक की लटकी हुई लाश मिली। पिंड्राजोरा थाना पुलिस ने शव को शव गृह में रखवाकर तफ्तीश शुरू कर दी है। पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत कुड़मा के बंटी कुमार बावरी का शव कुड़मा के जंगल क्षेत्र में मिला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक बावरी 2.3 दिनों से घर से गायब था। पुलिस की जांच जारी है।

## धनबाद जेल में बंदियों का बना आधार कार्ड

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सर चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद राम शर्मा के निर्देश पर शनिवार को धनबाद जेल में बंद कैदियों का आधार कार्ड बनाया गया, अपडेट किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश नीताशा बारला ने बताया कि धनबाद जेल में कई ऐसे बंदी थे जिन्हें जमानत तो मिली थी परंतु जमानत के शर्त में यह था कि वह अपना आधार कार्ड नंबर अदालत में दाखिल करेंगे। जिस कारण बंदी जेल से बाहर नहीं आ पा रहे थे इसकी इसकी रिपोर्ट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के द्वारा की गई थी। जिसके आलोक में मंगल कारा धनबाद में आधार सेवा शिविर लगाई गई थी।

# झरिया सीओ ने मारा छापा, सौ टन अवैध कोयला लदे चार ट्रक जब्त

### टासरा प्रोजेक्ट में एक माह में तीसरी बार छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सेल की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट में एक माह में झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा द्वारा शनिवार की अहले सुबह लगभग चार बजे तीसरी बार छापेमारी कर लगभग 100 टन अवैध कोयला लदे चार ट्रक को जप्त किया गया। इस छापेमारी में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पिछले दिनों झरिया सीओ द्वारा छापेमारी में विगत 29 मार्च को अवैध कोयला लदे लगभग आठ ट्रक व 21 अप्रैल की छापेमारी में लगभग 27 टन अवैध कोयला जप्त किया था। इसके बावजूद सेल टासरा प्रबंधन व प्रशासन के बीच रस्साकशी से अवैध कोयला तस्करों की चाँदी हो गई है। हालांकि सेल प्रबंधन इस छापेमारी को बड़ा बताते हुए अवैध कोयला तस्करी पर अंकुश लगने की बात कह रही है। इस छापेमारी में भी गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो सहित दलबल शामिल थे। छापेमारी में ट्रक संख्या यू पी 25 सी टी 3779, यू पी 81 बी टी 9283, जे एच 10 सी एम 1708 व जे एच 02 वाइ 7031 को अवैध कोयला लदा जप्त किया गया है। स्थानीय पुलिस छापेमारी के बाद ट्रकों को गौशाला ओपी ले आई है और आगे की कार्रवाई कर रही है। बताते चलें कि झरिया सीओ द्वारा एक माह पूर्व 29 मार्च को हुई छापेमारी में 34 नामजद सहित 40 अज्ञात कोयला तस्करों पर केस दर्ज किया गया था। एक माह बीत जाने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होना भी कोयला तस्करी को बढ़ावा देना है। झरिया सीओ ने बताया कि सेल प्रबंधन के अधिकारियों की मौजूदगी में छापेमारी की गई है। सेल टासरा एजीएम उपेंद्र सिंह ने बताया कि आशा है कि इस बड़े छापेमारी के बाद अवैध कोयला तस्करी पर कुछ हद तक अंकुश लग सकता है। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि छापेमारी के बाद चारों ट्रकों के मालिक व चालक पर कांड संख्या 40/23 दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### घनुडीह ओपी क्षेत्र में खनन विभाग का छापा

**झरिया।** घनुडीह ओपी क्षेत्र के मोहरीबांध खेल मैदान व सीकेडब्ल्यू साइडिंग में छापेमारी । भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त ।. छापेमारी में झरिया सीओ प्रमेश कुशवाहा, घनुडीह पुलिस व सीआईएसएफ की केयूआरटी टीम शामिल थी. सीओ ने बताया कि करीब 150 टन अवैध कोयला का भंडारण किया गया था, जिसे जप्त कर लिया गया। छापेमारी की सूचना मिलते ही कोयला तस्कर फरार हो गये। सीआईएसएफ व पुलिस की टीम कोयला तस्करों को चिह्नित करने में जुटी है। स्थानीय लोगों की माने तो मोहरिबांध खेल मैदान व सीकेडब्ल्यू साइडिंग में इससे पहले भी दो बार छापेमारी की गई थी। इसके बावजूद कोयले की तस्करी जारी है । तस्कर चोरी का कोयला बाइक व साइकिलों से मोहरिबांध मैदान में भंडारण करवाते हैं।. फिर इस अवैध कोयले 407 व बड़े ट्रकों से भट्ठों में भेजा जाता है।

### लोयाबाद में छापा, 25 टन कोयला जब्त

**लोयाबाद।** पुलिस के द्वारा कोयला माफियाओ के खिलाफ अभियान जारी है। शनिवार को लोयाबाद थाना क्षेत्र के गोपा ग्राउण्ड और सेन्द्रा 10 नम्वर मे देखने को मिली जहॉ लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव एवं सीआईएसएफ की संयुक्त छापेमारी मे 25 टन के आसपास कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयले को बीसीसील को सूपूर्द कर दिया गया। वही थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने वताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई । जिसमे सेन्द्रा और गोण्पा ग्राउण्ड से लगभग 25 टन के आस पास कोयला को बरामद किया गया है। वताते चले कि जोगता थाना क्षेत्र मे भी शुक्रवार को सीआईएसएफ के द्वारा भी छापेमारी की गई थी और लगभग 15 टन के आसपास कोयला बरामद हुआ थाए लेकिन वहां एक बात अलग थी कि जोगता थाना के कोई पदाधिकारी मौके पर मौजूद नही थे।

# बंद खदान के मुहाने को डोजरिंग करा किया बंद



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** पेटरवार थाना की पुलिसए सीआइएसएफ और सीसीएल ढोरी के सुरक्षा विभाग ने शनिवार को ढोरी प्रक्षेत्र की बंद अंगवाली खदान में लगातार तीन दिनो से छापेमारी जारी रहा और तस्करों द्वारा बनायी गयी दो सुरंगों को जेसीबी मशीन से भरवा दियाण छापेमारी का नेतृत्व कर रहे ढोरी सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उइके ने कहा कि अवैध कोयला खनन बंद करने के लिए कई दिनो से लगातार अभियान चलाया जा रहा हैण बताया कि इस छापेमारी में पाया गया कि अज्ञात कोयला चोरों द्वारा जहां.तहां अवैध कोयला खनन हेतु बड़ा बड़ा सुरंग बनाया गया है जिसे जेसीबी मशीन के द्वारा डोजरिंग कर बंद कराया गयाण मौके पर बोकारो जिला खनन अधिकारी रवि कुमार सिंहए जिला खनन निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतोए पेटरवार थाना के कई अधिकारीए सीआइएसएफ के क्यूआर टीमए सुरक्षा इंचार्ज उमाशंकर महतोए अनाम बारिशए मानिक दिगारए भोला मिश्राए रवि हरिए जितेंद्र रजकए शंकर रामए सुनीता कुमारीए शिवानीए संजू आदि लोग थे।

# सिंदरी के बिजली विभाग से एक लाख के सामान की चोरी

**सिंदरी।** सिंदरी में बंद घर, दुकान, प्रतिष्ठान, विद्यालय ही नहीं सरकारी विभाग भी चोरों के आगोश में समाते जा रहा है और प्रशासन अपनी नींद खोलना नहीं चाह रहा है। शनिवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे अज्ञात चोरों ने गौशाला ओपी अंतर्गत सिंदरी विधुत आपूर्ति कार्यालय में लगे 6 बैटरी, 200 मीटर केबल व बाइक सहित लगभग एक लाख रुपए के सामान की चोरी कर ली। झारखंड वितरण निगम लिमिटेड के सिंदरी कार्यालय में हुई चोरी को लेकर कनीय अभियंता शशि मुंडा ने गौशाला ओपी में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि कार्यालय में ऑपरेटर सूरज सिंह व हेल्पर अनूप विश्वकर्मा नाइट शिफ्ट में आगे कमरे में सोए हुए थे। सुबह 3 बजे शौचालय के लिए उठने पर देखा कि पीछे बने स्टोर रुम और कार्यालय का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो पाया कि 12 वोल्ट के 6 बैट्री के सेट, लगभग 200 मीटर केबल व प्रांगण में लगी फील्ड स्टाफ जयनंदन पटेल की बाइक संख्या जे एच 10 टी एन 3760 चोरी हो गई है। इसकी सूचना कनीय अभियंता सहित स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना के आधार पर पहुँची गौशाला ओपी पुलिस ने छानबीन किया। कनीय अभियंता ने बैट्री व केबल चोरी की लिखित शिकायत की है। वहीं बाइक चोरी की शिकायत फील्ड स्टाफ जयनंदन पटेल ने गौशाला ओपी में लिखित शिकायत की है। गौशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो ने बताया कि घटना संज्ञान में है और लिखित शिकायत दर्ज कराया गया है।

# धनबाद: शराब पीने वालों की जेब हो रही ढीली

### हर एक बोतल में 40 से 50 रुपये अधिक लिए जा रहे हैं



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** उत्पाद विभाग एवं ए टू जेड कंपनी की मिलीभगत से गटक लिए जा रहे हैं करोड़ों रुपए। रोजाना करोड़ों रुपए की शराब खरीद- बिक्री की जाती है। जिसमें सरकार कि और से सक्त गाइडलाइंस है, कि शराब में निहित मूल्य से अधिक मूल्य ग्राहकों से नहीं लिया जाए। लेकिन इन कंपनियों के कर्मचारी और उत्पाद विभाग के मिलीभगत से हर एक बोतल में 40 से 50 रुप्ए अधिक लिए जा रहे हैं। और यह खेल खुलेआम चल रहा है, प्रशासन मौन है क्योंकि यह मामला उत्पाद विभाग से जुड़ा है। कह कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जनता के कई शिकायतें के बावजूद उत्पाद आयुक्त नहीं करना चाहते हैं कार्रवाई उत्पाद विभाग की ओर से साफ-साफ कहा जाता है कि हमें पावर नहीं है, एफ आई आर करने का। जनता की शिकायत आने पर हम केवल शराब दुकानदार के कर्मचारी को तबादला कर सकते हैं। इस विभाग को इस तरह मौन रहना साफ पता चलता है कि जनता की पैसों की किस तरह बंदर बांट चल रही है। इन दुकानों से प्रतिदिन अवैध रूप से करोड़ों का रुपया वसूला जाता है, कंपनी के उच्च अधिकारी विभाग के मिलीभगत से यह पैसा बंदरबांट कर लेते हैं। किसी कि शिकायत आने पर कर्मचारी का वेतन नहीं मिलने का बहाना बनाया जाता है। जबकि सरकार द्वारा कर्मचारी के पैसों का भुगतान समय-समय पर किया जा रहा है। शराब का सेवन करने वाले व्यक्ति अपना मुंह नहीं खोलना चाहते हैं इसका भरपूर फायदा कंपनी के उच्च अधिकारी एवं उत्पाद विभाग के कर्मचारी आसानी से उठाते है।

# जेईई मेन में डीपीएस बोकारो का कृष टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जेईई मेन 2023 में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। विद्यालय के छात्र कृष चंचल ने 99ण्83 पर्सेंटाइल लाकर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। हर्ष बिहानी 99ण्72 तथा श्रेयान घोष 99ण्53 पर्सेंटाइल लाकर क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। समाचार लिखे जाने तक 95 या इससे अधिक पर्सेंटाइल पाने वाले 35 विद्यार्थियों सहित 69 परीक्षार्थियों को 90 से ज्यादा पर्सेंटाइल मिले हैं।

### 11 को मिला 99 से अधिक परसेंटाइल

11 परीक्षार्थियों ने 99 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए। कृष चंचलए हर्ष बिहानीए श्रेयान घोषए तन्मय गौरवए प्रिंस कुमारए अनामिकाए आयुषीए अद्वय कुमारए श्रेयस कुमार जायसवालए आदित्य सिंहए आद्या सिंह बिसैनए आर्यन कश्यपए अनुष्का श्रीवास्तवए मयंक सेंगरए हितेन राज सिंहए सत्यमए श्रेयस सागरए सुहानी भारतीए सार्थक श्रेष्ठए निशांत कुमारए अनुष्का नाहरए कुमार युवराजए मानवए मयंक राजए अभिजीतए सोमाशीष सेनगुप्ताए आमेय देवांशए तनुश्रीए अंजलिए प्रसून देवए चेतन सिंहए कुणाल प्रताप सिंहए अस्मि श्रीवास्तवए साक्षी सिन्हाए स्पर्श कुमारए आशुतोष सिंहए सार्थक आनंदए आयुष कुमारए आशुतोष अग्रवाल ए आनंद राजए तरुण गुप्ताए कुणाल कश्यपए सचिन कुमारए ऋषभ कुमारए संतोष आनंदए रासाकृष्ण बेहराए अनुभव झाए अभिनीत आनंदए अपूर्व शोभितए सौम्या सुमनए पीयूष ओझाए ओम बसंत सिंहए राज आर्यनए सूर्यांश देव सिंहए अंकित कुमारए कृष आदि की सफलता पर प्राचार्य डॉण एएस गंगवार ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।

# दहेज आरोपी पति, सास-ससुर को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज दितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के दोषी पति संतोष रजक को 10 वर्षए ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी को 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई । मालूम हो कि गिरिडीह जिला अंतर्गत बगोदर थाना निवासी राजु रजक ने नावाडीह थाना में बयान दर्ज कराया कि उसकी बहन पुष्पा देवी की शादी नावाडीह थाना अंतर्गत बोदरो निवासी संतोष रजक के साथ 2013 में हुई थी । शादी के बाद उसकी बहन ससुराल में रहने लगी । ससुराल में उसके पति संतोष रजकए ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी के साथ ससुराल वाले दहेज को लेकर हमेशा प्रताड़ित करते थे। 23 मार्च 2019 को फोन द्वारा जानकारी मिली कि उसकी बहन की तबीयत बहुत खराब है। सूचना पर जब सूचक अपने बहन के ससुराल बोदरो पहुंचा तो देखा कि घर में कोई आदमी नहीं है।

# सिपाही ने ट्रक चालक को मारा थप्पड़, सड़क जाम पर उतारू

**धनबाद।** शनिवार की सुबह धनबाद के बरवाअड्डा में कोयला लोड ट्रको की जांच को पहुंची टीम की उस वक्त घिग्घी बंध गई ,जब ट्रक चालकों ने विरोध कर दिया। दरअसल जांच टीम में मौजूद एक जवान ने एक चालक को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद तो चालक बिफर पड़े। चालक कहने लगे कि वह बैध कागज पर कोयला लेकर जा रहे है। वह कोई चोरी का कोयला नहीं ले जा रहे हैं। ऐसे में अधिकारी कागज की जांच करें लेकिन थप्पड़ क्यों मारेंगे ।चालक यह भी कहते सुना गया कि उसकी कान से सुनाई नहीं दे रहा है। वह बार-बार जिस जवान ने थप्पड़ जड़ा था, उसका चेहरा कैमरा के सामने करने को कह रहा था ।हुआ कुछ यू कि शनिवार की सुबह किसान चौक के समीप जीटी रोड पर गोविंदपुर सीओ की अगुवाई में कोयला लोड वाहनों के कागजात की जांच की जा रही थी। उसी दौरान थाना के एक सिपाही ने एक ड्राइवर को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद तो वाहन चालक और उसके साथी जांच टीम पर बरस पड़े। उस समय जांच टीम में मौजूद अधिकारियों की बोलती बंद हो गई थी। सड़क जाम करने पर चालक उतारू थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा पर जिला स्तरीय कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अंतर्गत ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, गोबरधन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मालीय कचरा प्रबंधन एवं महावारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना है। इस कार्य हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ मनरेगा- ग्रामीण विकास विभाग एवं 15 वे वित्त आयोग मद-पंचायती राज विभाग में प्रावधान को शामिल किया गया है। उपरोक्त विभाग के संयुक्त प्रयास से हम गांव का स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत निर्धारित विभिन्न कार्यों को कर पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्यशाला में डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, जिला योजना पदाधिकारी महेश भगत, अभियंता मनीष कुमार, पीएचइडी-2 कार्यपालक अभियंता विक्रांत भगत समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप आदि मौजूद थे।

# शतचंडी महायज्ञ और भागवत कथा को लेकर कलश यात्रा

### कलश यात्रा में शामिल हुईं जिप चेयरमैन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बाघमारा।** शनिवार धनबाद जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह श्री श्री 108 शत चण्डी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा शोभा यात्रा में शामिल हुई। बाघमारा मंडल क्षेत्र अंतर्गत माटीगढ़, बाघमारा में प्रसिद्धराज राजेश्वरी नव दुर्गा मंदिर द्वारा आयोजित श्री श्री 108 शत्चण्डी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा हेतु प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए धनबाद जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती शारदा सिंह जी। इस अवसर पर धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कलश यात्रा में शामिल सभी महिलाओं, कुवांरी कन्याओं एवं श्रद्धालुओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस प्रकार धार्मिक अनुष्ठान से आस पास क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि होगी और हमारी नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति का ज्ञान होगा। मौके पर बाघमारा मंडल अध्यक्ष बच्चू राय, भाजपा नेता सूर्यकांत सिंह , सोशल मीडिया किशोर ठाकुर मौजूद रहे।

### जानकी महोत्सव में पहुंचे धनबाद और झरिया विधायक

**सिंदरी।** मिथिलांचल की अति पावन दिन जानकी नवमी महोत्सव विद्यापति परिषद सिंदरी में परिषद अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। इसके मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा व झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह रहीं। दोनों मुख्य अतिथियों ने परिषद स्थित माता जानकी मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद अतिथियों ने मैथिल कवि कोकिल विद्यापति की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। परिषद अध्यक्ष ने दोनों मुख्य अतिथियों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश सिंह व दिनेश सिंह को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। माता जानकी मंदिर में सुबह से ही कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित भास्कर झा द्वारा माता के श्रृंगार से शुरू हुआ।

## एक नजर में

### वीएसएस के तहत 18 कर्मचारी हुए रिटायर

**सिंदरी।** अदानी एसीसी सिमेंट फैक्ट्री में सिमेंट मिल के मिलर राजकुमार चौधरी सहित 18 लोगों को वीएसएस के तहत शनिवार को रिटायरमेंट दिया गया है। 55 वर्षीय राजकुमार चौधरी का कार्यकाल एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के श्रमिकों के कार्यकाल में अच्छा माना जा रहा है। उनके सिमेंट मिल सहित अन्य स्थानों पर बेहतरीन कार्यकाल को लेकर भाजपा धनबाद जिला युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी सहित एसीसी कर्मियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी। मीडिया प्रभारी ने कहा कि अदानी कंपनी द्वारा एसीसी फैक्ट्री को अधिग्रहण करने के बाद यह पहली बार स्थायी कर्मियों को वीएसएस के तहत कार्यमुक्त किया गया है। मौके पर बद्री विशाल गुप्ता, अनिल विश्वकर्मा, चितरंजन सिंह, मुकेश सिंह, अशोक वर्मा, दारा चौधरी, धर्मेंद्र, शंकर महतो, ललन यादव, सूरज चौधरी, सुधाकर पाण्डेय सहित अन्य एसीसी संवेदक श्रमिक शामिल थे।

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और झारखंड के मुख्य न्यायाधीश को गार्ड ऑफ ऑनर

**बोकारो।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जितेंद्र कुमार महेश्वरी एवं झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र को बोकारो जिला पीडीजे सुश्री रंजना अस्थानाए एसपी चंदन कुमार झाए जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमारए डीडीसी कीर्तीश्री समेत अन्य वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गयी। श्री महेश्वरी एवं श्री मिश्र देवघर यात्रा के दौरान कुछ समय के लिए पेटरवार स्थित फॉरेस्ट गेस्ट हाउस में रुके जहां उन्होंने गेस्ट हाउस परिसर में लाल चंदन एवं महोगनी का पौधारोपण भी किया।

### सामाजिक न्याय यात्रा में रांची जाएंगे आजसू कार्यकर्ता

**झरिया।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र निषाद ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि धनबाद जिले से हजारों हजार कार्यकर्ता सामाजिक न्याय यात्रा में रांची के लिए कूच करेंगे और सरकार की विफलताओं को जनता के समक्ष रखेंगे ।श्री निषाद ने बताया आजसू पार्टी ने इस मां को सामाजिक न्याय या कार्यक्रम के तहत पूरे माह कार्यक्रम चलाई और इस दौरान झारखंड के सभी प्रखंड से लेकर जिला में कार्यक्रम जारी रहा। सामाजिक न्याय यात्रा के माध्यम से जातीय जनगणना की मांग की जाएगी, पिछड़ों को आरक्षण तथा सरकार की विफलताओं को जनता को बताने का कार्य करेगी। सामाजिक न्याय यात्रा मोराबादी मैदान वाटिका से हरमू मैदान पहुचेंगे। इसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो समेत सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विधायक सुनीता चौधरी विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के अलावा प्रदेश की वरीय नेता भाग लेंगे धनबाद जिला से सभी प्रखंडों से एवं नगर क्षेत्रों से हजारों हजार कार्यकर्ता रांची के लिए रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से प्रस्थान करेंगे।

### त्रियोनाला गांव में भोक्ता पर्व चार से

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत हिसीम पंचायत के त्रियोनाला गांव के नीचे टोला स्थित बुढ़ा बाबा मंड़प थान में वैशाख के बुध पूर्णिमा के अवसर पर प्रत्येक वर्ष को तीन दिवसीय भोक्ता पर्व; मंडा पर्वद्ध 4 मई से शुरू होगा। हिसीम पंचायत के पंसस सह त्रियोनाला निवासी जगेश्वर मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि त्रियोनाला शिवालय मंदिर का रंग रोगन के साथ.साथ अन्य तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। श्री मुर्मू ने बताया कि 4 मई को संजोतए 5 मई को उपवास के दिन कई जिलों के सैकड़ों श्रद्धालु पूजा.अर्चना करने पहुंचते है ।उसी रात पश्चिम बंगाल के छऊ नृत्य टीमों द्वारा शानदार प्रस्तुति की जाती है तथा 6 मई के अहले सुबह भोक्ता खूंटे पर लोहे के हुक के सहारे घूमने की विधि पूरी की जाती है।

### भाजपा के शशि भूषण ने इस्पात राज्य मंत्री को दिया ज्ञापन



**बोकारो।** भाजपा स्वच्छ भारत अभियान के झारखंड प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा श्मुकुलश ने बोकारो इस्पात नगर की कुछ पर्यावरणीय एवं विकास संबंधी समस्याओं को लेकर भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते से उनके नई दिल्ली स्थित आवास में मिलकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मुख्यत: बोकारो इस्पात नगर के उत्तरी विस्थापित क्षेत्र में ऐस पौंड से उड़ती धूल और छाई से गंभीर बीमारियों की सम्भावनाए कॉलोनियों के गंदे नालों के अनवरत प्रवाह के कारण बोकारो की गंगा माने जाने वाली गरगा नदी के प्रदूषणए नगर के उद्यानों में वृक्षारोपण एवं सौंदर्यीकरण कर इन्हें उजाड़ होने से बचानेए शहरी कचरे के निष्पादन हेतु कूड़ा निस्तारण संयंत्र लगानेए बंद पड़े स्कूलों एवं हेल्थ सेंटरों को सामाजिक संस्थाओं एवं अन्य संस्थानों को भाड़े या लीज पर देने का जिक्र किया गया है। मंत्री से वार्ता के क्रम में श्री मुकुल ने कहा कि गरगा डैम के पास सौंदर्यीकरण एवं वहां पीपीपी मोड पर वाटर पार्क बनाने हेतु पहल करनी चाहिए। मंत्री श्री कुलस्ते ने उचित करवाई करने का आश्वासन दिया।

### हाथी के हमले से वृद्ध की मौत

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार के गागा जंगल में झुंड से बिछड़े हुए एक हाथी ने 60 वर्षीय वृद्ध की जान ले ली है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पेटरबार थानाक्षेत्र के गागा गांव निवासी बालेश्वर साव ;60 वर्षीयद्ध शुक्रवार को अपने पालतू बकरियों को चराने पास के जंगल में गया हुआ था ।जंगल में बकरियां चराने के क्रम में अचानक एक हाथी ने उनपर हमला कर दिया। इस हमले में उसकी जान चली गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि शुक्रवार को उसके पिता बकरियां चराने गांव के समीप जंगल में गए हुए थे।

## समय संवाद

कृषि वस्तुओं की कीमतें भी ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राथमिक खाद्य वस्तुओं के लिए थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) समग्र डब्ल्यूपीआई की तुलना में 25-30 प्रतिशत अधिक रहा। अपनी फसलों की ऊंची कीमतें मिलने से किसानों को लाभ हुआ है और व्यापार की अनुकूल शर्तों का भी उन्हें फायदा मिला है। इन बातों की पृष्ठभूमि में कृषि क्षेत्र की ओर कामगारों का झुकाव तर्कसंगत लगता है।हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि हमने देश में कृषि क्षेत्र से जुड? वाले लोगों की संख्या को छिपी बेरोजगारी बता कर इसका उपहास किया है।

# किसान और मजदूर की स्थिति और व्यापार

**महेश व्यास**

**कल** मजदूर दिवस है एक मई। कोरोना काल के बाद हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में कामगार रोजगार के सिलसिले में कृषि क्षेत्र से जुड़े हैं। सीएमआईई के कंज्यूमर पिरामिड्स हाउसहोल्ड सर्वे में यह बात सामने आई है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कृषि क्षेत्र में अनुमानित 45 लाख रोजगार बढ़े। कोविड-19 महामारी से प्रभावित वर्ष 2020-21 में देश में रोजगार के अवसरों में 2.17 करोड़ की कमी आई थी मगर कृषि क्षेत्र में 34 लाख नए रोजगार सृजित हुए। वर्ष 2019-20 में भी कृषि क्षेत्र में रोजगार में लगे लोगों की संख्या में 31 लाख की वृद्धि हुई। पिछले तीन वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र में 1.1 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं। दूसरी तरफ शेष अर्थव्यवस्था में रोजगार में 1.5 करोड़ की कमी दर्ज हुई।

कृषि क्षेत्र में रोजगार में इस तेज बढ़ोतरी की व्याख्या प्रायः छद्म रोजगार में बढ़ोतरी के रूप में की गई है। गैर-कृषि क्षेत्रों में लोगों को जब रोजगार नहीं मिलता है तो वे अपने गांव लौट जाते हैं, जहां उनके परिवार कृषि कार्यों से जुड़े होते हैं। ये प्रवासी अपने परिवार के लोगों के साथ कृषि कार्यों में जुट जाते हैं और



कृषि कार्यों से जुड़े होने का दावा करते हैं। अतिरिक्त मानव श्रम के जुड? से उत्पादन में बहुत वृद्धि नहीं होती है इसलिए ऐसी स्थिति को छिपी बेरोजगारी का नाम दिया गया है।

छिपी बेरोजगारी की इस व्याख्या को बदलने की आश्यकता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन बढि?ा रहा है, इसलिए इसमें अतिरिक्त मानव श्रम को समाहित करने की क्षमता पहले से बढ़ गई है। वर्ष 2019-20 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत रही जबकि इसकी तुलना में गैर-कृषि क्षेत्रों की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत तक सीमित रही। वर्ष 2020-21 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही थी जबकि इसके विपरीत शेष अर्थव्यवस्था में 6.3 प्रतिशत की कमी आ गई। वर्ष 2021-22 में अर्थव्यवस्था के दूसरे क्षेत्रों में गतिविधियों में बड़ी गिरावट आई मगर कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत बनी रही। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन प्रभावित नहीं हुआ और इसमें निरंतरता बनी रही। मार्च 2022 में किसानों का उपभोक्ता धारणा सूचकांक एक वर्ष पूर्व की तुलना में 18.1 प्रतिशत अधिक था। यह संपूर्ण सूचकांक में दर्ज 15.4 प्रतिशत वृद्धि से न केवल बहुत अधिक था बल्कि कारोबारी व्यक्तियों के समूह के सूचकांक में दर्ज 16.1 प्रतिशत तेजी से भी बेहतर रहा। एक वर्ष पहले मार्च 2021 में जब कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के कारण सभी समूहों के लिए उपभोक्ता धारणा सूचकांक कमजोर था तो किसानों का सूचकांक भी कम हुआ था मगर यह सबसे कम प्रभावित हुआ था। मार्च 2022 में किसानों के लिए उपभोक्ता धारणा सूचकांक कुल उपभोक्ता धारणा सूचकांक की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक था। यह कारोबार से जुड़े व्यक्तियों के सूचकांक से भी 25.5 प्रतिशत अधिक था। दूसरे सभी वृहद पेशेवर समूहों की तुलना में किसान वर्तमान और भविष्य को लेकर अधिक सकारात्मक सोच का परिचय दे रहे हैं। मार्च 2023 में 14.9 प्रतिशत किसान परिवारों ने कहा कि उनकी आय एक वर्ष पहले की तुलना में बेहतर रही। 23.2 प्रतिशत परिवारों ने कहा कि उनकी आय की स्थिति बदतर हुई है, जबकि शेष परिवारों ने कहा कि उनकी आय एक वर्ष पूर्व की तरह है। अप्रैल 2021 में लगाए गए लॉकडाउन के बाद से यह किसानों का बेहतरीन आंकड़ा रहा है। इसके अलावा सभी बड़े पेशेवर समूहों में किसानों का यह श्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस बात की पूरी संभावना है कि किसान आने वाली तिमाहियों में मजबूत धारणा का परिचय देते रहेंगे।

भारत में 2023 में भी लगातार पांचवें वर्ष गेहूं की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। सरकार की तरफ से भी खरीदारी बढ़ रही है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लगातार बढ़ता जा रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद वैश्विक स्तर पर कीमत एक वर्ष पूर्व की तुलना में दोगुनी हो गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि 2023 में वर्षा दीर्घ अवधि के औसत की 96 प्रतिशत तक होगी।

# मुक्ति ही उद्देश्य

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**छपरा** के स्वामी परमहंस दयाल अद्धैतानंदजी महाराज को बाल्याकाल से ही धर्म भक्ति में लगाव था। उनके घर और बाद में लाला जी के घर काशी के स्वामी जी आते थे। परमहंस दयाल जी उनसे बाल्यकाल में ही सांसो की क्रिया सीख गये थे और उसके बल पर वे अपनी शरीर को भूमि से आठ फीट तक उठा लेते थे। लेकिन जन्म देने वाले माता-पिता और बाद में उनके लालन पालन करने वाले माता-पिता सभी निधन के बाद उनके मन में वैराग्य आ गया। छपरा से वे निकलकर अकबरपुर स्थित एक गुफा में तफ करने लगे जहां उन्हें साधन मार्ग की सिद्धि प्राप्त हुई जिसका मार्गदर्शन उन्हें काशी के स्वामी जी से मिली थी।

एक सवाल है कि क्या अचानक मिली सिद्धि से व्यक्ति पागल नहीं हो जाएगा जब वह ब्राह्मण्ड को एक आकार में देखेगा। निश्चत ही ऐसा हो सकता है इसलिये साधना गुरु के मार्गदर्शन में ही होना चाहिए। हमारा मार्ग धीरे-धीरे उस ओर ले जाता है। स्वामी जी मथुरा होते हुए जयपुर और वहां से टेरी पहुंचे तो वर्तमान सयम में पाकिस्तान में है। वहां भक्ति का प्रचार किया साथ ही स्वरूपानंद जी महाराज से उनकी मुलाकात हुई जो बाल्यकाल से ही वैराग्य को समर्पित हो गये थे। उनके मिलते ही स्वामी परमहंस दयाल ने कहा कि हम तो आपको खोजते खोजते छपरा से टेरी चले आये। इस प्रकार वहां आश्रम की स्थापना की गयी। विगत साल में वहां के स्थानीय मुसलमानों ने आश्रम को क्षतिग्रस्त कर दिया जिसे पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालन ने सरकारी पैसे से पुर्ननिमार्ण कराया। ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम स्वामी परमहंस दयाल के निर्धारित सूत्रों पर ही चल रहा है।

जब तक हम मोह की दिशा को दूसरी तरफ मोड़ नहीं देंगे तब तक हम कैसे छूट सकते हैं। हमारा पूरा मन हमारी संपति, बाल बच्चों और संसार के सभी भौतिक वस्तुओं में बंधा है लगा है। इस मन को जब हम गुरु की ओर लगा देंगे तब जैसे-जैसे गुरु की ओर हमारा मन लगेगा स्वतः यह भौतिक संसार छूटता चला जाएगा। इसके लिये हमें किसी गुरु के साथ जुड़ना होता है उसके मन में अपना मन मिलना होता है। जैसे गंगा में युमना मिलने के बाद प्रवाहित होती रहती है लेकिन यमुना का अस्तित्व गंगा में पूरी तरह मिल जाता है उसी प्रकार सांसारिक जीव का मन भी जब गुरु में लग कर उसमें अपने आप को लय कर देता है तो वह विशिष्टता को प्राप्त कर लेता है जो जीव का मूल लक्षण है और इसी कार्य निमित्त वह पृथ्वी पर आया है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# बच्चों में खाने की बेहतर आदत

**रश्मि सिन्हा**

**आजकल** बच्चे जंक फूड खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पिज्जा, बरगर, न्यूडलस। लेकिन शायद आप यह नही जानते कि ऐसा खाना आपके बच्चे की सेहत को तो नुक्सान पहुंचाता ही हैं, साथ ही साथ दिमाग के विकास पर भी बुरा असर डालता है।

पैकड फूड और जंक फूड में हाई कैलोरी तो होती है लेकिन इसमें पौषक तत्वों की बहुत कमी होती है। जिससे उनका विकास रूक सकता है। बच्चे के खाने की आदत का उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बहुत प्रभवित करता है।

यादाशत और सोचने में कमी, सुस्ती, नींद न आना बच्चे के खाने की आदतों के ही सभी परिणाम होते हैं। शारीरीक और मानसिक तंदरुस्ती अच्छे खाने से ही आती हैं।

जो हैल्दी खाना बच्चे रोजाना खा रहें हैं, उसका उनके स्वास्थ्य मानसिक विकास और प्रतिरोधक क्षमता पर भी असर पड़ता है। हम बच्चों को घर पर बने हुए स्नैक्स और उनकी पसंदीदा जूस का फ्लेवर भी दे सकते है। जिसे उन्हें पूरा पोषण भी मिलेगा और खाने में भी टेस्टी होगें।

### बच्चों के लिए फायदेमंद आहार...

**-शहद में कुदरती मिठास होती है और हैल्दी भी होता है।**

**-बादाम दिमाग के विकास के लिए बहुत अच्छे होते हैं। गर्मियों में रात को भिगो कर रखे हुए बादामों को दूध के साथ खाना फायदेमंद होता है।**

**-केला और दूध कैल्शियम से भरपूर होता है और बच्चे के विकास के लिए बहुत जरूरी है।**

**-पनीर और योगर्ट विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं।**

**-हरी सब्जियां और सी फूड बच्चे के खाने में जरूर शामिल करें।**

**-केला, बादाम और शहद खाने से बच्चों की स्टैमिना पावर पर अच्छा असर पड़ता है।**

**-ब्रोकली, गाजर को सलाद में जरूर शामिल करना चाहिए।**

**-दोपहर के खाने के बाद फलों को सेवन करना फायदेमंद होता है।**

**-मक्खन और घी बच्चों के खाने में देने से वह हैल्दी रहते हैं।**

# पत्रकारिता विभाग रांची विवि में कार्यक्रम मन की बात पर विमर्श

**मन की बात आज की तारीख की बनी जन की बात**



29 अप्रैल शनिवार को को स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री के रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम मन की बात के सौवें एपिसोड के प्रसारण के पूर्व अवसर पर छात्रों के बीच एक विमर्श कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, मोटिवेटर एन.के मुरलीधर ने कहा कि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतांत्रिक के प्रधानमंत्री का लोगों से सीधा संवाद और प्रासंगिक मुद्दों पर लगातार चर्चा एक महत्वपूर्ण बात है। ऐसे अवसर बहुत कम होते हैं जब प्रधानमंत्री जनता के साथ लगातार संवाद करे। पूरे विश्व में किसी राष्ट्राध्यक्ष के द्वारा चलायी गयी यह सबसे प्रभावी कार्यक्रमों में से एक है। श्री मुरलीधर ने छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद में अपने विचार रखते हुये कहा कि लगातार संवाद से यह कार्यक्रम अब मन की बात से जन की बात बन चुका है। किसी लोकतांत्रिक देश में इस तरह के संवाद से लोकतंत्र मजबूत होता है। भारत युवाओं का देश है और यहां मन की बात युवा संवाद को भी मजबूत कर रहा है। विशेषकर पत्रकारिता के लिए बेहतरीन कॉम्यूनिकेशन एक बड़ा गुण है और हम सब पाते हैं कि राजनीति में सफलता के लिये सटीक और स्पष्ट संवाद से ही लोग प्रभावित होते हैं। आप अगर अपनी वाणी से प्रभाव पैदा कर सकते हैं तो निश्चित ही आप अपने जीवन में बेहतर संभावना पैदा करेंगे। हमें किसी भी जानकारी के लिये जिस प्रकार उलझना पड़ता है उससे कई गुणा जानकारी का कार्यक्रम मन की बात है। इस विमर्श कार्यक्रम में पत्रकारिता के छात्र छात्राओं ने श्री मुरलीधर से देश-काल और करियर से संबंधित उत्सुकता भरे कई सवाल भी पूछे। विषय प्रवेश मनोज शर्मा ने कराया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश को जानने का एक बड़ा अवसर है। इस अवसर पर निदेशक प्रो.डॉ. बी.पी. सिन्हा, उपनिदेशक डॉ. विष्णु चरण महतो, विभागीय शिक्षक संतोष उरांव, संकर्षण परिपूर्णन, मनोज कुमार शर्मा, सुशील रंजन सहित सभी सत्रों के छात्र उपस्थित रहे।

# मन की बात मोदी का अथक प्रयास



**सुधांशु कुमार**



**भारत** 2023 के मध्य तक चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने की ओर अग्रसर है, लेकिन आकार और जनसंख्या की विशालता ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक ह्यमन की बातह्न को देश के हर नुक्कड़ और कोने में कानों में गूंजने से कभी नहीं रोका।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर महीने लाखों नागरिकों तक पहुंचने वाले रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण आज होगा। अपने विचारों को बहने दो वाक्यांश के साथ जागरूकता और कई लोगों को प्रेरित करने वाले शब्दों से भरी ह्यमन की बातह्न की ऐतिहासिक यात्रा आज एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच जाएगी।

प्रत्येक नागरिक से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तरह का पहला रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात शुरू किया जो आज भी निवघ्न जारी है। यह एक बेहद अचंभित करने वाला विचार है कि कैसे दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश के पी.एम. ने रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से हर नागरिक तक पहुंचने का प्रयास किया जिसके द्वारा पी.एम. मोदी न केवल राष्ट्र को संबोधित करते हैं, बल्कि नागरिकों को शासन का हिस्सा बनने और उन्हें अपने विचारों और सुझावों को सांझा करने का अवसर भी देते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पी.एम. और नागरिकों के बीच सीधा संबंध बनाना और दिन-प्रतिदिन के शासन के मुद्दों पर बातचीत शुरू करना है।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय महत्व से संबंधित विचारों पर संबोधित करते हैं। इसकी सफलता इस तथ्य से स्पष्ट है कि कार्यक्रम ने अपने शुरूआती एपिसोड में केवल अपनी वैबसाइट के माध्यम से 61000 से अधिक लोगों के विचार प्राप्त किए।

**रेडियो माध्यम क्यों?** : भले ही इस कार्यक्रम ने एक लम्बा सफर तय किया है, लेकिन कई लोग अभी भी इस बात से हैरान हैं कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात के लिए रेडियो को एक माध्यम के रूप में क्यों चुना है। इसका कारण यह है कि रेडियो की व्यापक पहुंच है और यह दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचता है। रेडियो लगभग 90 से अधिक वर्षों से भारतीय घरों का हिस्सा बना हुआ है और यह बात भुलाई नहीं जा सकती कि 1920 के बाद मानव जीवन में रेडियो ने एक क्रांति लाई थी। टीकाकरण अभियान में भूमिका : मन की बात ने कोविड-19 टीकाकरण के महत्व का प्रचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों और उन क्षेत्रों में अपना संदेश पहुंचाया जहां पर नैट कनैक्टिविटी नहीं थी। यह मुझे मीडिया द्वारा व्यापक रूप से सांझा की गई एक घटना की याद दिलाता है जब मध्य प्रदेश में एक व्यक्ति ने पी.एम. नरेंद्र मोदी द्वारा प्रोत्साहित करने के बाद खुद को और अपने परिवार को कोविड -19 का टीका लगवाया था। मैं मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि इसके माध्यम से उन्होंने न सिर्फ भारतीयों बल्कि दुनिया को कविड -19 जैसी महामारी से लड़ने के लिए प्रेरित किया। रेडियो जीवन को उज्ज्वल करता रहे : मोदी जी के ह्यमन की बात कार्यक्रम ने हमें फिर से प्रौद्योगिकी के इस युग में रेडियो की भूमिका और पहुंच का महत्व समझाया है। विश्व रेडियो दिवस पर श्रोताओं को बधाई देते हुए कहा था ह्यरेडियो अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से जीवन को उज्ज्वल करता रहे।

# परिसिस्टेंस एजुकेशन के छात्र सफल



एन टी ए द्वारा जेईई मेंस,2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परसिस्टेंस एजुकेशन के छात्रों ने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान से शामिल कुल 34 छात्रों में से 27 छात्र जे ई ई एडवांस्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए उत्तीर्ण हुए हैं।

इस परीक्षा के आधार पर कुल 30 छात्रों का लब्ध-प्रतिष्ठित एन आई टी और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में नामांकन हो पाएगा।इस बार कुल 16 छात्रों का परसेंटाईल 91 से ज्यादा है क सफल छात्रों में स्वाति (श्रेणी रैंक 13),सिमरन(श्रेणी रैंक 2869),करण राज(श्रेणी रैंक 3178),सचिन भगत ( श्रेणी रैंक 8737), हिमांशु सिंह( श्रेणी रैंक 10440),सोनिया, आलोक, ऋषि गर्ग, हम्माद अहमद खान,साक्षी,सचिन , ऐश्वर्या, क्षितिज, कृति, हेमंत, प्रियांशु, उज्ज्वल, कुशाग्र, हिमांशु रंजन, सोनम,सामंत, विवेक प्रसाद गुप्ता, आर्यन आर्या इत्यादि सामिल हैं। छात्रों के इस सफलता से संस्थान में अत्यंत उत्साह, खुशी एवं शैक्षिक प्रेरणा का माहौल कायम हो गया है। निदेशक आशीष आनंद ने छात्रों को इस सफलता पर हार्दिक ब धाई दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ज्ञातव्य हो कि आशीष आनंद स्वयं आईआईटी बॉम्बे के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं।

# डायरिया से भी रहें सावधान

**के खुशी**

**आजकल** के वातावरण में सफाई के लिए कहा जा रहा है। साफ-सफाई तो हमेशा जरूरी होती है। कोविड के इस दौर में डायरिया जैसी बीमारी से भी सावधान रहने की जरूरत है। झारखंडसहित देश का तापमान 40 डिग्री से उपर जा रहा है एसे में यह एक सामान्य रोग हो सकता है। वैसे विशेषज्ञ मुख्य वजह साफ-सफाई का अभाव ही मानते हैं। अगर दूषित खाना या अस्वच्छ जगह पर भोजन या खाने-पीने की कोई और चीज बनी हो तो वह डायरिया की मुख्य वजह हो सकती है।

असल में डायरिया को दस्त से जुड़ी समस्या के रूप में जाना जाता है लेकिन इसके हरेक केस में परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं। इस संबंध में सीनियर फिजिशयन डॉ. शशांक शर्मा कहते हैं कि डायरिया मुख्य रूप से लोगों को तीन रूपों में परेशान करता है। अक्यूट डायरिया सबसे कम दिनों तक होता है। यह एक सप्ताह तक रह सकता है, जबकि, पर्सिस्टेंट डायरिया लगभग तीन सप्ताह तक बना रह सकता है। इसके साथ ही क्रॉनिक डायरिया मरीजो को चार सप्ताह से अधिक समय तक रह सकता है जो कि जानलेवा हो सकता है। डॉ शर्मा बताते हैं कि वयस्क, बच्चों और शिशुओं में डायरिया के लक्षण अलग-अलग होते हैं, जिसकी वजह से डायरिया का इलाज भी अलग-अलग तरह से किया जाता है।

### मुख्य लक्षण

छोटे बच्चों में डायरिया की शिकायत होने पर थकान, सिरदर्द, पेशाब की कमी, चिड़चिड़ापन, रूखी त्वचा, बुखार, मल का रंग काला होना जैसे लक्षण दिखने लगते हैं। वहीं वयस्कों को डायरिया में जी मिचलाना, उल्टी, अनिद्रा, वजन कम होना जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनके अलावा दस्त होना और उसमें खून आना आम लक्षण हैं जो सभी आयुवर्ग के मरीजों में पाए जा सकते हैं। इसलिए ऐसे लक्षण हों तो आपको डॉक्टर से सलाह लेकर उचित समय पर इसका इलाज करवा लेना चाहिए ताकि बीमारी आपको ज्यादा दिनों तक तंग न कर सके।

### डायरिया होने के कारण

डायरिया होने के मुख्य कारण हैं आपके आहार एवं आसपास के वातावरण में स्वच्छता का अभाव तथा आंतों का कमजोर होना। क्योंकि खराब खानपान के कारण आंतों के कमजोर होने की समस्या सामने आती है।

इसके अलावा अगर व्यक्ति को किसी तरह की फूड एलर्जी है तो उस फूड को खाने पर भी डायरिया हो सकता है। विशेषज्ञ कई बार बताते हैं कि आप खान-पान की ऐसी चीज को समझें जिससे आपको दिक्कत होती है। कई बार हमें पता चल जाता है कि हमें कोई फल या किसी खास तरह की सब्जी नहीं पचती है तो उसकी पहचान कर उसे खाना बंद कर दें। डायरिया आंतों में संक्रमण के कारण भी हो सकता है। क्योंकि ये आपकी लैक्टोज पचाने में आई क्षमता में कमी को दशार्ता है। ऐसे लोग आसानी से डायरिया से ग्रस्त हो सकते हैं।

### डायरिया से बचाव

सबसे पहले तो शरीर में हुई पानी की कमी दूर करने के लिए इलेक्ट्रोलाइट या स्पोर्ट्स ड्रिंक, लेना चाहिए। ओआरस भी ऐसे में दिया जाता है। क्रॉनिक डायरिया होने अथवा स्थिति ज्यादा बिगड़ जाने पर इंट्रावीनस के जरिए शरीर में तरल पदार्थ पहुंचाना पड़ सकता है। अतः डॉक्टर के पास जाने में देर मत करें। अगर डायरिया की शिकायत बैक्टीरिया के कारण हुई हो तो डॉक्टर एंटीबायोटिक दवा भी लिख सकते हैं। अपने आसपास और लिए जा रहे फूड्स में हाइजीन का हमेशा ख्याल रखें और आंतो को स्वस्थ रखने का प्रयास करें। समय से सोना-जागना, खाने के तुरंत बाद अधिक मात्रा में कोई लिक्विड लेने से परहेज, तनावमुक्त रहना है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 100 कड़ियों में देश की बात करते पीएम मोदी



**रविरंजन**




मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! 3 अक्टूबर, 2014 को विजयादशमी का पावन पर्व था और संयोग देखिये, कि आज, होलिका दहन है। सौ वां मन की बात का सफर देश से जुड़ाव और देश को जानने समझने की एक कड़ी ही है। एक दीप से जले दूसरा और राष्ट्र रोशन हो हमारा इस भावना पर चलते-चलते हमने ये रास्ता तय किया है। हम लोगों ने देश के कोने-कोने से लोगों से बात की और उनके असाधारण कार्यों के बारे में जाना` आपने भी अनुभव किया होगा, हमारे देश के दूर-दराज के कोनों में भी, कितनी अभूतपूर्व क्षमता पड़ी हुई है। भारत माँ की गोद में, कैसे-कैसे रत्न पल रहे`हैं। ये अपने आप में भी एक समाज के प्रति देखने का, समाज को जानने का, समाज के सामर्थ्य को पहचानने का, मेरे लिए तो एक अद्भुत अनुभव रहा है। कभी नदी की बात तो कभी हिमालय की चोटियों की बात, तो कभी रेगिस्तान की बात, कभी प्राकृतिक आपदा की बात, तो कभी मानव-सेवा की अनगिनत कथाओं की अनुभूति, कभी आविष्कार, तो कभी किसी अनजान कोने में, कुछ नया कर दिखाने वाले किसी के अनुभव की कथा` इतना ही नहीं, खिलौने बनाने की बात हो, क्या कुछ नहीं था` शायद, कितने विषयों को हमने स्पर्श किया है तो वो भी शायद अनगिनत हो जायेंगे` इस दौरान हमने समय-समय पर महान विभूतियों को श्रद्धांजलि दी, उनके बारे में जाना, जिन्होंने भारत के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है` हम लोगों ने कई वैश्विक मुद्दों पर भी बात की, उनसे प्रेरणा लेने की कोशिश की है। एक प्रकार से, इस विचार यात्रा में, आप, साथ-साथ चलते रहे, जुड़ते रहे और कुछ-न-कुछ नया जोड़ते भी रहें हैं। मन की बात को सफल बनाने के लिए, समृद्ध बनाने के लिए और इससे जुड़े रहने के लिए हर श्रोता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। कटक के चाय बेचने वाले डी.प्रकाश राव हों या बिहार की महिला उद्यमी साधना देवी, हम सभी ने ऐसे किस्से सुने हैं कि कैसे पी.एम. मोदी के मन की बात के बाद अलग-अलग राज्यों में कई लोगों की जिंदगी बदल गई। एक रेडियो कार्यक्रम जो संभावित रूप से देश के हर कोने पर रहने वाले अंतिम नागरिकों तक पहुंचता है, सरकार की नीतियों के प्रभावी ढंग से प्रचार के माध्यम से एक सामाजिक परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है। देश भर में कई सामाजिक परिवर्तनों का नेतृत्व करने के लिए मन की बात के माध्यम से एक तंत्र स्थापित करने में सफल रहे हैं। इनमें से कुछ खास बदलाव हैं-स्वच्छता, स्वयंसेवा, संरक्षण, फिट इंडिया और महिला सशक्तिकरण। हर महीने नागरिक अपने विचारों और सुझावों को पी.एम. नरेंद्र मोदी के साथ उनके रेडियो कार्यक्रम मन की बात के द्वारा सांझा करते हैं। ऐसे विषय जो आज तक कभी न समझें गये न याद किये गये उन विषयों को समेटते हुए मन की बात को 99 प्रतिशत भारतीयों ने पंसद किया। निश्चित तौर पर इस जुड़ाव में जानने के साथ ही देश को समझने का एक बड़ा अवसर प्रदान किया।

आज 100 वीं कड़ी का स्वागत है।

**एक बड़ी चेतावनी ...**




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

# अवैध बालू खनन के खिलाफ छापामारी, तीन ट्रैक्टर जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता


जब्त ट्रैक्टर।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के कई प्रखंडो मे उपायुक्त के निर्देश पर सीओ व थाना प्रभारी सुबह से ही नदियों मे अवैध बालू के खनन व परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। जिसमें मुख्यालय के औरंगा नदी, तुवेद व सुकरी नदी के आस पास हो रहे अवैध बालू खनन व परिवहन के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। जिला खनन पदाधिकारी आंनद कुमार ने औरंगा नदी व तुवेद नदी मे छापामारी किया। इस दौरान श्री आंनद ने तूवेद नदी से अवैध बालु लेकर आ रहे तीन ट्रैक्टर को पकड़ा। हालांकि इस दौरान चालक व उप चालक वाहन छोड़ कर भागने मे सफल रहा। श्री आंनद ने तीनो जब्त ट्रैक्टरों को तुवेद कोलयरी एरिया मे जमा करा दिया है। इसके अलावा विशुनपुर स्थित औरंगा नदी मे शनिवार की सीओ ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान नदी से बालू का उठाव कर रहे ट्रैक्टर चालक ने आनन फानन मे सीओ को देखते ही बालू नदी मे उतार कर ट्रैक्टर लेकर भागने मे सफल रहा। वहीं जिला खनन पदाधिकारी श्री कुमार ने औरंगा नदी मे ट्रैक्टर जाने वाले कई रास्ते की जांच पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने औरंगा नदी जाने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय रोड तथा गिजिनियाटांड रोड के रास्ते को बंद कराया। उन्होंने दोनो रास्ते को जेशीबी से ट्रेंच खुदवाया और सभी रास्त को बंद करवा दिया। श्री कुमार ने कहा कि अवैध बालु खनन व परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जायेगा।

## बरवाडीह पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया

➲ अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में की गयी छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता


थाना में लगा जप्त ट्रैक्टर।

**बरवाडीह।** अंचलाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व में बरवाडीह पुलिस ने शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशहाबथान औरंगा नदी के पास से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त किया हैं। पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि अंचलाधिकारी राकेश सहाय को गुप्त सूचना मिली थी कि अवैध उत्खनन पर लगे रोक के बावजूद भी बालू कारोबारियों द्वारा चोरी छुपे बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापामारी करते हुए मौके पर से बालू लदे एक ट्रेक्टर को जप्त कर लिया गया। जिसे अग्रिम कारवाई जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है। वहीं छापामारी के दौरान पुलिस बल तथा खनन टास्क फोर्स की टीम को देखकर ट्रेक्टर चालक और मजदूर मौके से फरार हो गया। वहीं सत्यापन के क्रम में ट्रेक्टर मालिक का नाम पंचदेव शाह जो पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया झाबर का रहने वाला हैं।

### ट्रैक्टर व दो बाइक को पुलिस ने पकड़ा


जब्त ट्रैक्टर।

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चंदवा पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेनी के पास से हुचलू की ओर से आ रहे करीब 3 टन कोयला लदे बिना नंबर के ट्रैक्टर तथा ट्रैक्टर व स्काउट कर ला रहे दो मोटरसाइकिल को पकड़ा लिया। हालांकि कोयला तस्करी कर रहे लोग अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। आशंका व्यक्त की जा रही है कि संभवत ये कोयला सिकनी कोलयरी से चोरी कर हुचलु में इकट्ठा कर ट्रैक्टर में लोड कर किसी भट्ठे में भेजा रहा था इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 100/2023, धारा 414/34 भादवि एवम 30(दो) कोल माइंस एक्ट अंकित किया गया है। छापामारी में इंस्पेक्टर अमित गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, एएसआई शशिरंजन सिंह और सैट के बल शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रक पलटने से उप चालक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ रांची एन एच 22 मुख्य पथ पर मकइया ताड़ ग्राम के समीप शनिवार की सुबह लगभग 6 :00 बजे एक कोयला लदा ट्रक पलटने से उप चालक सरवन यादव 18 वर्ष पिता ननकू यादव ग्राम भैसादोंन गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल सरवन यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उक्त ट्रक मगध कोलियरी से कोयला लोड कर रांची की ओर जा रहा था इसी बीच मकईया ताड़ ग्राम के समीप असंतुलित होकर पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एंबुलेंस से घायल उप चालक को अस्पताल लाकर इलाज कराने के बाद रिम्स भेज दिया गया।

### वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के आईआरबी कैंप के समीप अवैध उत्खनन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन डीएसपी राजेश कुजूर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग व थाना प्रभारी आसुतोष यादव के उपस्थिति में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैक्टर समेत दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया वाहनों समेत अन्य वाहनों का जांच किया गया। साथ ही सभी पदाधिकारियों के द्वारा अवैध उत्खनन को लेकर बालु घाटों का निरीक्षण भी किया गया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### महुआडांड़ में नेतरहाट पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान


वाहन चेकिंग अभियान चलाती पुलिस।

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना पुलिस के द्वारा नेतरहाट में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन समेत अन्य वाहनों की जांच की गई। जिसमें वाहन के कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस, हेलमेट आदि की भी चेकिंग की गई। वहीं वाहन वाहनों का नंबर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर नोट कर वाहन के कागजात या हेलमेट समेत अन्य प्रकार की कमी को देख चेतावनी देते हुए वाहनो को छोड़ा गया। मौके पर नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत एस आई जानू कुमार समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**चंदवा।** चंदवा-बालूमाथ मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र के हरैया मोड़ के समीप एक बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा निवासी विजय यादव नामक युवक वहां से गुजरने के दौरान सड़क पर रखे पत्थर से टकरा कर गिर गया। गनीमत रही कि उसने हेलमेट पहन रखा था। वहां मौजूद स्थानीय युवकों ने मानवता का परिचय देते घायल को उठाया और पास के एक निजी क्लिनिक में उसका इलाज कराया।

### सुरक्षा को लेकर चला जांच अभियान


बारियातू मे वाहन चेकिंग करती पुलिस।

**बारियातू।** थाना गेट के सामने परिवहन विभाग द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां आरईओ ऋषि राज ने हेलमेट, ट्रिपल लौड व सीट बेल्ट मे अनियमितता पाये जाने वाले दर्जनों लोगों को ऑनलाइन व ऑफलाइन चलान काटा, चेकिंग अभियान के संबंध मे राज ने कहा की सभी सड़क सुरक्षा उपायों के प्रयोग द्वारा बढ़ते सड़क दुर्घटना की रोक थाम के लिए दो पहिए व चार पहिए वाहन को चेकिंग किया जा रहा है। जिसमे कई लोग वगैर हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगे और बाईक मे ट्रिपल लॉडिंग लेकर जाने वाले लोगों को विधि संगत चलान काटा गया। वहीं कई लोगों को दुर्घटना से बचाव के लिए सड़क सुरक्षा नियम को पालन करने की जानकारी दी गई। साथ ही बताया की सड़क पर यात्रा करते समय मोबाईल से बात नहीं करें। नियम कानून का अवश्य पालन करें। मौके पर एएसआई बालेश्वर गंझू सदलबल के साथ मौजूद रहे।

## झारखंड कुशवाहा महासभा का 11वां स्थापना दिवस संपन्न

➲ संगठन सर्वोपरि है, संगठन के बिना मानव का जीना दुर्लभ है : हाकिम महतो

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** प्रखंड के मारंगलोइया पंचायत अंतर्गत बारा ग्राम में झारखंड कुशवाहा महासभा का 11वां स्थापना दिवस समारोह सह जिला सम्मेलन संपंन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हाकीम प्रसाद महतो ने कहा कि अभी के परिक्षेप में संगठन सर्वोपरि है। संगठन के बिना मानव का जीना दुर्लभ है। समाज के दबे कुचले हो या सुखी संपंन समाज के एक-एक व्यक्ति को संगठित कर हक अधिकार के लिए मुहिम छेड़ना ही उद्देश्य है। संरक्षक सह पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश महासचिव सत्यम देव प्रसाद ने संयुक्त ने संबोधन में कहा कि स्वजातीय बंधुओं की मदद से यह महाजुटान हुआ है। संगठन में सभी निस्वार्थ भाव से काम करते है। इससे समाज हर क्षेत्र में विकास करता है। इसकी पूर्व विशिष्ट अतिथियों में भुनेश्वसर प्रसाद, हाकिम प्रसाद, महतो सत्यदेव, वर्मा राजकिशोर, प्रियंका कुमारी, लक्ष्मण कुशवाहा, राजकिशोर मेहता, अर्जुन मेहता, बायेश्वर प्रसाद, देवचारन दांगी, उमेश कुशवाहा, राजपति देवी, राजमणि देवी, सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कुशवाहा महासम्मेलन का उद्घाटन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकिशोर मेहता तथा अर्जुन वर्मा ने कहा कि सम्मेलन होने से एकजुटता के साथ समाज मे फैली कुरीतियां पर अंकुश लगती है और अशिक्षा दहेज प्रथा शराब जैसी बुराइयों को समाप्त करने जैसी कार्य करती है। बटेश्वर वर्मा उमेश कुशवाहा श्याम सुंदर प्रसाद देवचारन दांगी एस एन मेहता प्रियंका देवी ने कहा कि। बगैर शिक्षा के हम अपने समाज के लिए कुछ नही हासिल कर सकते है। अभी के परिवेश में पहला स्थान शिक्षा है। इसके बिना समाज पहले से ही पिछड़ा हुआ है। कार्यक्रम को सुनील वर्मा वीरेंद्र मेहता केदार दांगी कुंवर सिंह ओम प्रकाश भगत रामलखन दांगी राजू लाल राजपति देवी प्रतिमा देवी मालती देवी रेणु देवी नेहा प्रिया नेमनी देवी रेखा देवी रमेश महतो राजकुमार महतो अक्षय लाल परमेश्वर महतो प्रमोद महतो अखिलेश महतो राधा देवी पूनम देवी सहित कई लोगों ने संबोधित किया और अपने अपने विचार इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के झारखंड कुशवाहा समाज से जुड़े लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में हुई प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा


मौके पर मौजूद शिक्षक व अन्य।

**लातेहार।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में प्रांतीय आचार्य चयन परीक्षा आयोजित की गई। विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित आचार्य चयन परीक्षा 2023 के लिए पूरे झारखंड में 11 केंद्र बनाए गए। जिसमें 5340 परीक्षार्थी शामिल हुए। 11 केंद्रों में एक केंद्र सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार को बनाया गया। विभिन्न विषयों के लिए आयोजित होने वाले आचार्य चयन परीक्षा में लातेहार केंद्र पर 297 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। उक्त परीक्षा पीआरटी, टीजीटी और पीजीटी के स्तर पर आयोजित की गई। प्रांतीय प्रतिनिधि ज्वाला तिवारी, प्रांतीय पर्यवेक्षक तुलसी प्रसाद ठाकुर, विभाग प्रमुख जमशेदपुर, सह पर्यवेक्षक रमेश सिंह, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर मेदिनीनगर एवं रवि कांत पाठक प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर बंशीधर नगर, केंद्राधीक्षक अरुण कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार व विद्यालय के सभी आचार्य दीदी कार्यालय कर्मी परीक्षा संचालन में अपना योगदान प्रस्तुत किए परीक्षा पूर्ण रूप से कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

## सरयू में मना सीतानवमी जन्मोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के ग्राम चोरहा में कोयल नदी के तट पर एक दिवसीय सीतानवमी जन्मोत्सव (सरहुल) सह महायज्ञ का अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ शनिवार को मानसमणी दीप सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष जानकी सिंह की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। ज्ञातब्य हो कि वनांचल के मानसमणी दीप सेवा संस्थान का शुभारंभ श्रीश्री 108श्री नागेश्वर स्वामी जी महाराज के द्वारा वर्ष 2004 में किया गया था। तब से लेकर आजतक स्थानिय लोगों के द्वारा इस कार्यक्रम को पुरे धुम धाम से मनाया जाता है। स्वामीजी के द्वारा सन 1994 में गारू प्रखण्ड के डांड़कोचा गांव में स्थित सरना धाम अनाथालय का स्थापना किया गया है। जिसमें सुदुरवर्ती इलाकों के गरीब, असहाय एवं अनाथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा समाज के द्वारा मुठिया चावल एवं सहयोग राशि से निःशुल्क दिया जा रहा है। स्वामीजी का जन्म सन 1966 में एक आदिवासी परीवार में हुआ था। माता-पिता के एकलौते पुत्र होने के बावजूद बचपन से ही समाज हित के लिए कुछ करने कि इच्छा मन में लेकर ललायित रहा करते थे। वहीं स्वामीजी अपने शादी के एक वर्ष के पश्चात ही पारिवारिक जीवन जीने का इच्छा को छोड़ कर सन्यास ले लिए। और सन 1991 से प्रकृति संरक्षण एवं आदिवासी समाज कल्याण के प्रचार-प्रसार में लग गये। स्वामीजी का स्वर्गवास सन 2017 में होने के उपरांत वर्तमान में उनके पत्नी एवं सुपुत्र सुभाष कुमार सिंह के संरक्षण में प्रकृति संरक्षण एवं आदिवासी समाज कल्याण का प्रचार-प्रसार जारी है। उक्त कार्यक्रम में दामोदर सिंह, दुधेश्वर सिंह, रामलाल उरांव, बंधु सिंह, कमलेस यादव, फुलदेव नायक, जितेंद्र यादव, यशवंत यादव, जानकी सिंह, रामचंद्र उरांव, रघुबीर सिंह, उत्तीम सिंह उपस्थित थे।

## लोक अदालत का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय लातेहार के प्रांगण मे मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में कुल 05 बेंच बनाए गए थे। जिसमें कुल 22 वादों का निष्पादन किया गया। जिसमें कुल 2,86,000 रूपये राजस्व की वसूली की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायधीश, कुतुम्ब न्यायालय राजीव आनन्द, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय संजीव झा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. नसीर अहमद, अवर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, शशिभूषण शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्वाति विजय उपाध्याय अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ. मुरारी झा, मो. शकील अख्तर एवं अधिवक्तागण, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार की अध्यक्षता में आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले तीसरे राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफलतापूर्वक आयोजन करने के संबंध में दिशानिर्देश दिया गया।

### सेलेक्शन टेस्ट परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



**बारियातू।** जवाहर नवोदय विद्यालय सेलेक्शन टेस्ट परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्र परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू मे शांतिपूर्ण वातावरण के साथ परीक्षा संपन्न हुआ। बारियातू प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग कई विद्यालय से क्लास 6 लिए 212 छात्र-छात्राओं ने टेस्ट परीक्षा के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। जिसमे 186 छात्र छात्राओं ने विद्यालय सलेक्शन के लिए टेस्ट परीक्षा मे शामिल हुए जबकि 26 उमीदवार अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा की नियम-नीति को अनुशासन बद्ध बनाए रखने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक उपेंद्र सिंह व संजय कुमार ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर दंडाधिकारी निशांत कुमार, केन्द्राधीक्षक गीता कुमारी विक्षक अजय बैठा, रामाधार प्रसाद गुप्ता, श्रवण कुमार मिश्र, रुपेश कुमार साव, पंकज कुमार, रीना टोप्पो, चंद्र प्रकाश पाण्डेय, शर्मा राम, राजेश कुजूर, निरंजन कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्र मे अहम भूमिका निभाए।

## एक नजर में

### पुलिस के हस्तक्षेप से प्रेमी युगल की करायी गयी शादी


प्रेमी युगल व लोगों की भीड़।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के थाना के समीप दिन शनिवार को एक प्रेमी युगल की शिव मंदिर के परिसर में मनिका पुलिस के हस्तक्षेप से शादी संपन्न हुई। प्रेमी बसु सिंह उम्र 25 वर्ष घर घोरी बकोइया (पलामू) का रहने वाला है, जबकि प्रेमिका ममता कुमारी उम्र 22 वर्ष घर मनिका थाना क्षेत्र के सेवन गांव की रहने वाली है। प्रेमिका ममता ने बताया कि हम दोनों का एक साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन लड़के पक्ष के शादी को लेकर आना कानी कर रहे थे। इसके बाद ममता ने मनिका थाने में लिखित आवेदन देकर शादी का झांसा देकर एक साल तक यौन शोषण का मामला दर्ज कराया। थाना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों को बुलाया। बाद में दोनों पक्षों की आपसी सहमति के बाद शादी के लिए तैयार हो गये। इधर प्रेमी युगल की शादी की खबर मिलते ही आसपास के लोगों की काफी भीड़ लग गयी। मौके पर मंदिर में ही प्रेमी ने प्रेमिका की मांग में सिंदूर भर दिया। मौके पर दोनों पक्षों के परिजनों सहित आसपास के लोगों ने शादी के बाद अक्षत फूल बरसाकर आशीर्वाद दिया। बता दें कि प्रेमी अपनी प्रेमिका को छोड़कर चेन्नई भाग गया था। पुलिस के हस्तक्षेप से प्रेमी चेन्नई से वापस आ गया। मौके पर थाना एएसआई इंद्रजीत पासवान,मंटू प्रसाद,रीगा देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न


परीक्षा केंद्र में मौजूद विद्यार्थी।

**चंदवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा चंदवा में शनिवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। परीक्षा को लेकर चंदवा प्रखंड में 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।इसमें गर्ल्स हाई स्कूल चंदवा एवं प्लस टू हाई स्कूल चंदवा शामिल थे। राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय चंदवा में कुल 180 विद्यार्थियों में से 154 ने परीक्षा में भाग लिया जबकि 26 अनुपस्थित रहे। वहीं प्लस टू हाई स्कूल चंदवा में कुल 360 विद्यार्थियों में से 310 विद्यार्थी परीक्षा में भाग लिए 50 अनुपस्थिति रहे। परीक्षा को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर दोनों परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के चाक-चौबंद किए गए थे। बता दें कि चंदवा प्रखंड से कुल 540 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए आवेदन पत्र दिया था। जिसमे 464 परीक्षा में शामिल हुए।

### सड़क दुघर्टना में दो लोग जख्मी, प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज हेतु किया गया रेफर

**महुआडांड़।** मेदनीनगर मुख्य पथ पर शुक्रवार की रात बाईक सड़क दुर्घटना हो गई। जिसमें बाईक सवार दोनों लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए। दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि दोनों बाईक सवार महुआडाड़ से अपने घर पहाड़ कापू जा रहे थे महुआडाड मेदनीनगर मुख्य पथ पर डुबकी मिशन के समीप किसी के द्वारा बीच रोड में बालु गिरा दिया गया था। रात होने के कारण बाईक सवार नहीं देख पाये और बाईक बालु में चढ़ गया और असंतुलित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दुर्घटना में बाईक सवार सरवर अंसारी पिता सहित अंसारी पहाड़ कापू उम्र 21 वर्ष को पैर हाथ पीठ व सर के पीछे फट गया है। जहां से काफी रक्त स्राव हुआ है। वहीं दुसरा मिस्टर अंसारी पिता मन्वर अंसारी पहाड़ कापू उम्र 18 वर्ष को हाथ पैर व माथा में चोट आई है। दुर्घटना के बाद तत्काल दोनों को महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर कंडुलना के द्वारा प्रथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतू सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया है। वही सरवर अंसारी को सर के पीछे गहरी चोट लगने के कारण सदर अस्पताल लातेहार से सीटी स्कैन के लिए रांची रेफर कर दिया गया है।

#### सड़क पर बालू गिरे होने के कारण दुर्घटना को लेकर लोगों में रोष

बीच सड़क में बालु गिरे होने के कारण शुक्रवार रात जो दुर्घटना हुई है इसे लेकर लोगों में काफी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि इस तरह से बीच सड़क पर बालु गिरा कर रखना दुर्घटना को आमंत्रित करना है। जिससे किसी व्यक्ति की जान भी जा सकती है। इस लिए ऐसा करने पर ऐसे लोगों पर प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए।

#### पुलिस प्रशासन ने लोगों से कहा- सड़क पर कोई भी सामग्री न गिरायें

महुआडाड पुलिस प्रशासन के द्वारा महुआडाड के लोगों से अपील कर कहा गया है कि बालु समेत अन्य प्रकार की सामग्री बीच सड़क पर न गिराए जिसके कारण किसी को दुर्घटना को शिकार होना पड़े। ऐसे करने वालो पर कानूनी कार्रवाई भी की सकती है। इसलिए सभी व्यक्ति इस तरह का कार्य करने से बचें।

# चंदवा के तिलैयाटांड़ के समीप कार सवार युवकों पर जानलेवा हमला

## कार सवार एक युवक के साथ मारपीट, कार को भी किया गया क्षतिग्रस्त, मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता


क्षतिग्रस्त वाहन।


ईलाज कराने पहुंचे अहमद खान व अन्य।

**चंदवा।** शहर से सटे कंचन नगरी से तिलैयाटांड जाने वाले मार्ग के समीप कार सवार युवकों पर बीती रात्रि कुछ लोगो के द्वारा जानलेवा हमला किये जाने का मामला सामने आया है। इस हमले में कार जेएच 19 ए 7300 को क्षतिग्रस्त कर दिया गया वहीं कार में बैठा युवक युवक अहमद खान भी पिटाई में बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना के तुरंत बात पहुंची चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा घायल अहमद खान को घटनास्थल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। अहमद खान के सर व शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोटें भी आई है। इधर मामले को लेकर अहमद खान पिता सत्तार खान (चकला चंदवा) ने चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है व दोषियों पर कार्रवाई की गुहार लगायी है। आवेदन अहमद खान ने बताया है कि वह रात्रि लगभग 8:30 बजे तिलैयाटांड से एजाज अंसारी पिता जमाल अंसारी व महमूद मियां पिता शमसुद्दीन मियां के साथ अपने घर चकला जा रहे थे। इसी दौरान घात लगा कर बैठे आधा दर्जन से अधिक लोग उन लोगों पर हमला कर दिया। उन्होंने गुड्डू खान उर्फ नसीम पिता हासिम मियां, सोनू डेंजर पिता खुर्शीद मियां, इमरोज उर्फ एकबाल पिता मोजिब मियां, छोटू मियां, ताज अंसारी अन्य पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार, कट्टा, लाठी दंगे से मारपीट करने, अहमद खान के गले से सोने की चैन, 30 हजार 400 रुपये नकद लूट लेने का आरोप लगाया है। मामले में पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया की मामले को लेकर आवेदन आया था जिसके आधार पर चंदवा थाना कांड संख्या 99/23 में 5 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### स्क्रैप कटिंग विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है मामला

इधर घटना के बाद से चचाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों की माने तो चकला के अभिजीत प्लांट में स्क्रैप कटिंग शुरू होने के बाद से ही प्लांट से स्क्रैप की चोरी जोरो पर है। स्क्रैप कटिंग के दौरान वर्चस्व की लड़ाई में माफियाओं के बीच लगातार झड़प के मामले भी सामने आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बीते 4 दिन पूर्व भी स्क्रैप को लेकर नगर महतो टोला व बसार टोला के दो गुटों में झड़प हुआ था, जिसमें चकला महतो टोला निवासी विनोद यादव को गंभीर चोट भी आई है। जिनका गुप्त तरीके से रांची में कही इलाज कराया जा रहा है। बीती रात भी हुए मारपीट के मामले को भी स्क्रैप विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

# गलवान के जांबाज की पत्नी बनीं लेफ्टिनेंट

## पूर्वी लद्दाख में एलएसी के अग्रिम अड्डे पर हुईं तैनात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गलवान घाटी में 2020 में हुई झड़पों में शहीद हुए नायक दीपक सिंह की पत्नी रेखा सिंह को लेफ्टिनेंट के तौर पर भारतीय सेना में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि उन्हें पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक अग्रिम अड्डे पर तैनात किया गया है। लेफ्टिनेंट सिंह ने चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में एक साल का अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया।सेना ने ट्वीट किया कि शहीद नायक (नर्सिंग सहायक) दीपक सिंह की पत्नी महिला कैडेट रेखा सिंह ओटीए से अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद भारतीय सेना में शामिल हुईं। उसने बताया कि नायक दीपक सिंह ने गलवान घाटी में हुई झड़पों में सर्वोच्च बलिदान दिया था।



▸▸ दीपक को मरणोपरांत वीर चक्र से किया गया था सम्मानित

> "मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है और मैं सभी महिला को सलाह देना चाहूंगी कि वे खुद पर विश्वास करें और दूसरों के बारे में सोचे बिना वह करें जो वे करना चाहती हैं। -रेखा सिंह

लेफ्टिनेंट रेखा सिंह ने कहा कि मेरे पति के गुजर जाने के बाद मैंने भारतीय सेना में शामिल होने का फैसला किया और इसकी तैयारी शुरू कर दी। आज मेरी ट्रेनिंग पूरी हो गई है और मैं लेफ्टिनेंट बन गई हूं। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है और मैं सभी महिला उम्मीदवारों को सलाह देना चाहूंगी कि वे खुद पर विश्वास करें और दूसरों के बारे में सोचे बिना वह करें जो वे करना चाहती हैं। उल्लेखनीय है कि रेखा सिंह की शादी बिहार रेजिमेंट की 16वीं बटालियन के नायक दीपक सिंह के साथ हुई थी। दीपक सिंह साल 2020 में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प के दौरान शहीद हुए थे। दीपक सिंह की वीरता के लिए साल 2021 में उन्हें मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

### गलवान घाटी में शहीद हुए थे दीपक सिंह

दरअसल, जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच झड़प हुई थी। इस संघर्ष के दौरान 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। इसमें दीपक सिंह भी शामिल थे।

# पांच महिला अधिकारी सेना की तोपखाना रेजिमेंट में हुईं तैनात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना में महिला अधिकारियों की जिम्मेदारी का दायरा निरंतर बढ़ाया जा रहा है और पहली बार पांच महिला अधिकारियों को सेना की तोपखाना रेजिमेंट में कमीशन दिया गया है। सेना की प्रशिक्षण अकादमी में गहन और कठोर प्रशिक्षण के बाद लेफ्टिनेंट महक सैनी को सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन रेजिमेंट, लेफ्टिनेंट साक्षी दुबे और लेफ्टिनेंट अदिति यादव को फील्ड रेजीमेंट , लेफ्टिनेंट पी मुदगिल को मीडियम रेजिमेंट और लेफ्टिनेंट आकांक्षा को रॉकेट रेजीमेंट में तैनात किया गया है। इन पांचों महिला अधिकारियों को अपने समकक्ष पुरुष अधिकारियों की तरह समान अवसर मिलेंगे तथा इन्हें समान चुनौतियों का भी सामना करना पड़ेगा। इन महिला अधिकारियों को तोपखाना रेजिमेंट की सभी इकाइयों में तैनात किया जाएगा जहां इन्हें रॉकेट, मीडियम , फील्ड और सर्विलांस एंड टारगेट एक्विजिशन तथा उपकरण इकाइयों में पर्याप्त प्रशिक्षण और मौका दिया जाएगा। इन पांचों महिला अधिकारियों में से तीन को उत्तरी सीमा पर स्थित इकाइयों और दो को पश्चिमी थिएटर में चुनौतीपूर्ण स्थानों पर तैनात किया गया है। महिला अधिकारियों को तोपखाना रेजिमेंट में कमीशन दिया जाना इस बात का प्रतीक है कि सेना में बड़े स्तर पर बदलाव और सुधार किए जा रहे हैं।



चेन्नई ओटीए में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पांच महिलाओं को मिला कमीशन।

## स्पीड न्यूज

### मुख्तार अंसारी के बेटे उमर के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**मऊ।** द्वेषपूर्ण भाषण मामले में शनिवार को न्यायालय ने मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव-2022 के समय उमर ने अपने बड़े भाई विधायक अब्बास अंसारी के साथ मंच से अधिकारियों को देख लेने की धमकी दी थी। इस मामले को प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए विधायक अब्बास अंसारी, उमर एवं उनके चाचा सहित कई लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया था। अब्बास और उमर को छोड़ कई लोगों ने न्यायालय में समर्पण किया था। उसी संबंध में आज मुख्य दंडाधिकारी न्यायालय ने एनबीडब्ल्यू जारी किया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

### जेईई मेन में 43 छात्रों का शत-प्रतिशत अंक

**नयी दिल्ली।** इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दूसरे संस्करण में 43 विद्यार्थियों ने शतप्रतिशत अंक हासिल किए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यह जानकारी दी है। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 15 विद्यार्थियों के अंकों को अभी जारी नहीं किया गया है, क्योंकि उनकी जांच की जा रही है। परीक्षा का दूसरा संस्करण इस महीने के शुरू में आयोजित किया गया था।

### पीएम प्रचंड की भारत यात्रा जून तक टली

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की प्रस्तावित भारत यात्रा आंतरिक कारणों की वजह से फिलहाल टाल दी गई है और जून से पहले उनकी प्रथम विदेश यात्रा होने की संभावना नहीं है। उनके शीर्ष सहयोगी ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है, जब आंतरिक कारणों को लेकर प्रचंड की भारत यात्रा टाल दी गई है। पिछले साल दिसंबर में तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण करने के बाद उनकी यह पहली विदेश यात्रा होगी।

### नकली नोट छापने के आरोप में 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले की सेक्टर-63 थाना पुलिस ने कथित तौर पर नकली नोट छापकर अवैध रूप से बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 75 हजार रुपये के नकली नोट भी बरामद किए हैं।

### सूडान से लौटे 117 यात्री हुए क्वारंटाइन

**नयी दिल्ली।** हिंसा ग्रस्त सूडान से लौटे 117 यात्रियों को एकांतवास (क्वारंटाइन)में रखा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय शनिवार को यहां बताया कि ऑपरेशन कावेरी के अंतर्गत 1,191 यात्रियों में से 117, वर्तमान में नि:शुल्क क्वारंटाइन किए गए हैं, क्योंकि उन्हें पीत ज्वर(येलो फीवर) का टीका नहीं लगाया गया था।

# कांग्रेस और उसके नेताओं ने 91 बार मुझे गालियां दी

## खड़गे के जहरीला सांप बयान पर मोदी ने बोला हमला

एजेंसी

**कर्नाटक चुनाव**

▸▸ बाबासाहेब आंबेडकर और सावरकर को अपशब्द कहा

▸▸ जितना कीचड़ उछालेंगे उतना ही कमल खिलेगा

**हुमनाबाद (कर्नाटक)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जहरीला सांप वाली टिप्पणी को लेकर पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं ने अब तक 91 बार उन्हें अलग-अलग तरह की गालियां दी हैं। कांग्रेस पर कर्नाटक में लिंगायत समुदाय का अपमान करने का भी आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि पार्टी ने बाबासाहेब आंबेडकर और वीर सावरकर को भी अपशब्द कहे हैं। कर्नाटक में 29 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद पहली बार प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर आए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि लोग उसकी गालियों का वोटों से जवाब देंगे। भाजपा पर जितना कीचड़ उछालेंगे, उतना ही कमल खिलेगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस आम आदमी के बारे में बात करने वाले, उनके (कांग्रेस के) भ्रष्टाचार को सामने लाने वाले और उसकी स्वार्थ की राजनीति पर वार करने वाले हर व्यक्ति से नफरत करती है। ऐसे लोगों के खिलाफ कांग्रेस की नफरत गहरी होती जाती है। इस चुनाव में भी कांग्रेस ने फिर से मुझे गालियां देने का काम शुरू कर दिया है। बीदर जिले के हुमनाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी ने मेरे खिलाफ इस्तेमाल किए जा रहे इस तरह के अपशब्दों की सूची बनाई और मुझे भेजा। अभी तक कांग्रेस के लोग मुझे 91 बार अलग-अलग तरह की गालियां दे चुके हैं। अगर कांग्रेस ने अपशब्दों के इस शब्दकोष पर समय व्यर्थ करने के बजाय सुशासन और अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने पर ध्यान दिया होता, तो उसकी इतनी दयनीय स्थिति नहीं होती।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने उन्हें अपशब्द कहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने बाबासाहेब आंबेडकर को भी अपशब्द कहे थे।प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबासाहेब आंबेडकर ने एक बार खुद कहा था कि कांग्रेस ने बार-बार उन्हें अपशब्द कहे। कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर को राक्षस, राष्ट्रद्रोही, दगाबाज दोस्त कहा था आप सुनकर हैरान रह जाएंगे। आज भी हम देखते हैं कि कांग्रेस कैसे वीर सावरकर को अपशब्द कहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को मेरे लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करने दीजिए, मैं देश और उसके लोगों के लिए काम करना जारी रखूंगा। आपके आशीर्वाद से उनके सभी अपशब्द मिट्टी में मिल जाएंगे। कर्नाटक में लोगों से मजबूत और पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने की अपील करते हुए मोदी ने राज्य के लिए एक नया चुनावी नारा दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक को डबल इंजन भाजपा सरकार की आवश्यकता है ताकि केंद्र और राज्य के बीच समन्वय हो, कोई अवरोध न हो, बुनियादी ढांचे की परियोजनाएं भी तेजी से पूरी हों ताकि विदेशी निवेशकों के बीच भरोसा मजबूत हो तथा कर्नाटक कांग्रेस का एटीएम बनने के बजाय देश का विकास इंजन बने।



### लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर कांग्रेस ने कहा चोर

मोदी ने कहा कि गरीबों और देश के लिए काम करने वालों का अपमान करना कांग्रेस का इतिहास रहा है। मैं इकलौता नहीं हूं, जिस पर इस तरह का हमला किया गया है। पिछले चुनाव में उन्होंने चौकीदार चोर है अभियान चलाया था, फिर उन्होंने कहा मोदी चोर है, फिर उन्होंने कहा कि ओबीसी समुदाय चोर है और अब कर्नाटक में चुनाव प्रचार शुरू होते ही उन्होंने मेरे लिंगायत भाइयों और बहनों को चोर कहने की हिम्मत दिखाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कान खोलकर सुनें, जब भी आपने किसी को अपशब्द कहे हैं, उन्होंने (मतदाताओं ने) आपको इस तरह से दंड दिया है कि आप उसे सहन नहीं कर पाए। इस बार कर्नाटक के लोगों ने अपशब्दों और उनके गौरव को पहुंचाई गई क्षति का वोटों के जरिये जवाब देने का फैसला किया है।

# यूपी में अब व्यापारी सीना तानकर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर

## अब कानून का राज है, सुरक्षा की गारंटी : योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा और अपने कार्यकाल में राज्य में कानून का राज और सुरक्षा की गारंटी होने का दावा किया। उत्तर प्रदेश में चार मई और 11 मई को होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे योगी ने शनिवार को गोरखपुर में व्यापारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। वहीं महराजगंज, कुशीनगर और देवरिया जिलों में भी चुनावी सभाओं को संबोधित किया। गोरखपुर में उन्होंने कहा कि पहले गरीबों की संपत्ति और उनकी जमीनों पर कोई भी गुंडा, माफिया या सत्ताधारी दल का व्यक्ति जबरन



कब्जा कर लेता था। आज उत्तर प्रदेश अराजकता से मुक्त हो गया है, प्रदेश में अब कानून का राज है, सुरक्षा की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारी बंधु वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ खुद को कमल का फूल चुनाव निशान से जोड़ते रहे हैं और लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान स्वतः स्फूर्त भाजपा के समर्थन में रहते हैं। पर, यह भी ध्यान रखना होगा कि नगर निकाय तीसरा सदन होता है और इसके चुनाव की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए।योगी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का उत्सव है और यह उत्सव लगना और दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में हर एक वोट की कीमत होती है। योगी ने कहा कि एक वक्तथा जब प्रदेश में माफिया सीना तान कर चलता था और व्यापारी झुक कर। आज व्यापारी सीना तान कर चलता है और अपराधी सिर झुकाकर, गले में तख्ती लटकाकर, जान की भीख मांगता है। उन्होंने कहा कि सरकार बदलने पर कैसे परिवर्तन होता है, यह आज हर कोई महसूस कर सकता है। आज हमारे युवाओं को पहचान छिपाने की जरूरत नहीं होती है।

# संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होगा मन की बात का प्रसारण

**न्यूयॉर्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बात की 100वीं कड़ी का यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में सीधा प्रसारण किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने ट्वीट किया कि ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार हो जाइए। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम की 100वीं कड़ी का संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में 30 अप्रैल को सीधा प्रसारण किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम तीन अक्टूबर 2014 को शुरू हुआ था और यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है। कुल 30 मिनट के इस कार्यक्रम की 100वीं कड़ी 30 अप्रैल को भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे और न्यूयार्क में शनिवार देर रात डेढ़ बजे प्रसारित होगी। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व घटना होगी। न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास भी सामुदायिक संगठनों के साथ मिलकर एक विशेष कार्यक्रम के दौरान न्यूजर्सी में भारतीय-अमेरिकियों और प्रवासी समुदाय के सदस्यों के लिए मन की बात कार्यक्रम की 100वी कड़ी के प्रसारण की व्यवस्था करेगा।

## सुदर्शन पटनायक ने 100वीं कड़ी की बनायी कलाकृति

**पुरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 100वीं कड़ी के प्रसारण से पहले जाने-माने रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर कई रेडियो के साथ प्रधानमंत्री की एक कलाकृति बनाई है। पटनायक ने लगभग सात टन रेत का इस्तेमाल कर 100 रेडियो के साथ प्रधानमंत्री की आठ फुट ऊंची रेत की कलाकृति तैयार की। पटनायक के रेत कला विद्यालय के छात्रों ने कलाकृति को पूरा करने में उनकी मदद की।




# रचनात्मक ऊर्जा का स्रोत थे देव आनंद : जीनत अमान

एजेंसी

**मुंबई।** अपने समय की दिग्गज अदाकारा जीनत अमान का कहना है कि अभिनेता एवं निर्देशक देव आनंद रचनात्मक ऊर्जा के स्रोत थे और उनके मार्गदर्शन ने जीवन बदल दिया। देव आनंद से जुड़ी यादों और उनके साथ अपने रिश्ते व विशेष लगाव को लेकर बात करते हुए जीनत अमान ने यह बात कही। जीनत अमान ने सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम पर तीन कड़ियों में लिखी एक पोस्ट में बताया कि कैसे देव आनंद ने उन्हें 1971 की फिल्म हरे राम हरे कृष्णा में काम करने का मौका दिया। साथ ही उनके साथ अपनी रचनात्मक साझीदारी के बारे में भी बताया। यही नहीं, उस बड़ी गलतफहमी के बारे में भी बात की कि कैसे उन्होंने अपनी आत्मकथा में यह बताया कि वह सिनेमा के एक अन्य दिग्गज, राज कपूर के साथ रोमांटिक रूप से जुड़ी हुई थी। देव आनंद ने 2007 में प्रकाशित अपनी आत्मकथा रोमांसिंग विद लाइफ में लिखा था कि कैसे उन्हें जीनत से प्यार हो गया था, लेकिन इसी दौरान उन्हें (अमान को) सत्यम शिवम सुंदरम में मौका देने वाले राज कपूर करीब आ गए।

जीनत अमान ने अपने पोस्ट में लिखा कि अपनी आत्मकथा में उन्होंने स्वीकार किया कि वह मुझसे प्यार करते थे, और इस बात की ओर इशारा किया कि राज जी और मेरे बीच निर्देशक-अभिनेत्री के रिश्ते के अलावा भी बहुत कुछ था, जिसने उनका दिल तोड़ दिया। सच कहूं तो मुझे जलन हो रही थी। जीनत अमान (71) ने कहा कि



मैंने अपमानित, आहत और निराश महसूस किया कि देव साब, मेरे बेहद पुराने मार्गदर्शक और वह शख्स जिन्हे मैं रूहानी तौर पर प्यार करती थी और उनकी प्रशंसा करती थी, न केवल सच्चाई से रहित ऐसी कहानी पर विश्वास करेंगे, बल्कि फिर इसे दुनिया के पढ़ने के लिए प्रकाशित भी करेंगे। पुस्तक के बाजार में आने के बाद, अभिनेत्री ने लगातार बज रही फोन की घंटी का जिक्र करते हुए कहा कि दोस्त यह पूछने के लिए फोन कर रहे थे वास्तव में क्या हुआ और उन्होंने पुस्तक के कुछ अंश साझा किए।

अभिनेत्री ने कहा कि उन्होंने इसे (पुस्तक को) कभी नहीं पढ़ा और गुस्से में इसकी प्रति को तलघर में रखवा दिया और कुछ ऐसी थी बड़ी गलतफहमी। उन्होंने कहा कि वर्षों तक वह इसमें सुधार को लेकर खुद को असमर्थ महसूस करती रही, लेकिन अब समय ने मुझे दृष्टिकोण और शांति प्रदान की है। अमान वर्ष 1970 में पहली बार आनंद से मिलीं। उन्होंने ओपी राल्हन की फिल्म हलचल में भूमिका निभाई थी।

# हिंद महासागर में चीनी जहाजों पर पैनी नजर रख रहा भारत

**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी जहाजों की बड़ी उपस्थिति है और भारत समुद्री क्षेत्र में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र के घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने एक सम्मेलन में यह भी कहा कि भारतीय नौसेना पाकिस्तान में बंदरगाहों पर चीनी नौसेना के विभिन्न जहाजों के ठहरने पर नजर रख रही है। खतरे के पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर, नौसेना प्रमुख ने पारंपरिक और गैर-पारंपरिक दोनों तरह के खतरों के अलावा उभर रहे समग्र हालात पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना की भूमिका समुद्री क्षेत्र में राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की है, चाहे वे कहीं भी हों, और वह खतरों और चुनौतियों का आकलन करती है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आए दिन यह देखा जा रहा है कि समुद्र में कुछ न कुछ विवाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष के बिंदु से काफी नीचे है, लेकिन टकराव की स्थिति बनने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान में बंदरगाहों पर चीनी नौसेना के जहाजों के ठहरने के संबंध में कहा कि ये जहाज सिर्फ पाकिस्तान में ही नहीं, बल्कि विभिन्न देशों के बंदरगाहों पर लंगर डाल रहे हैं।

### संघर्ष के बिंदु से काफी नीचे है : नौसेना प्रमुख

